वर्ष 24, अंक 243, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 13 मार्च 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'हर मौत का लेंगे बदला'

## ईरान के सुप्रीम लीडर का पहला बयान, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रखने की चेतावनी

**ईरान**

**मिडिल** ईस्ट में जारी जंग के कारण ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद करने का ऐलान किया, जिसके बाद दुनियाभर में एनर्जी की पहुंच में रुकावट आने लगी है. इस बीच ईरान के सुप्रीम लीडर मोज्तबा खामेनेई चेतावनी दी है कि वह अमेरिका से हर मौत का बदला लेंगे. उन्होंने कहा कि जंग में हम दूसरे फ्रंट भी खोल सकते हैं, जिसके दुश्मन को एहसान भी नहीं होगा. मोज्तबा खामेनेई ने साफ किया कि ईरान ने दुश्मनों का रास्ता रोक दिया और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अभी बंद रहेगा.

खाड़ी देशों पर हमला जारी रखेगा ईरान

मोज्तबा खामेनेई का बयान गुरुवार (12 मार्च 2026) को सरकारी टेलीविजन पर एक न्यूज एंकर ने पढा, वह खुद कैमरे पर दिखाई नहीं दिए. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैन्य अड्डे चालू रहे तो उन पर हमला हो सकता है. उनका इशारा खाड़ी देशों की तरफ था. उन्होंने कहा, 'इस क्षेत्र में सभी अमेरिकी सौन्य अड्डों को तुरंत बंद कर देना चाहिए.' ईरानी नेता ने युद्ध में मारे गए लोगों का बदला लेने की कसम खाई और दावा किया कि ईरान अपने दुश्मन से मुआवजा लेगा. उन्होंने कहा कि अगर दुश्मन ऐसा करने से मना करता है तो ईरान उसकी संपत्तियों को जब्त कर लेगा या उन्हें उसी हद तक नष्ट कर देगा.

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज भी बंद रखेंगे: मोज्तबा खामेनेई



मोज्तबा खामेनेई ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर ईरान का रुख साफ किया. उन्होंने कहा कि ईरान को जंग में एक रणनीतिक मार्ग का इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए जारी रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने के हथियार का इस्तेमाल करते रहना चाहिए. उन्होंने साफ किया कि पड़ोसी देशों के प्रति ईरान की नीति सहयोग की बनी हुई है. बयान के अनुसार, ईरान क्षेत्रीय देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों का समर्थन करता है, लेकिन उन्हें अमेरिकी सेनाओं की मेजबानी के खिलाफ चेतावनी भी देता है.

हर मौत का बदला लेगा ईरान: खामेनेई

ईरान के नए नेता ने कहा कि तेहरान अपने नागरिकों की हत्या का बदला लेने में जरा भी संकोच नहीं करेगा. उन्होंने दक्षिणी ईरानी शहर मीनाब में हुए हमले का जिक्र किया, जहां युद्ध के पहले ही दिन मिसाइल हमले में एक लड़कियों का स्कूल तबाह कर दिया गया. उन्होंने कहा,' हम किसी की शहादत नहीं भूलेंगे. हम हर मौत का बदला लेंगे हम अपने शहीदों के खून को व्यर्थ नहीं जाने देंगे।

### अपने बैंक का बदला, US की इन टेक कंपनियों को उड़ाकर लेगा ईरान का नया खलीफा?

**पिछले** हफ्ते इजराइल ने ईरान के सबसे बड़े तेल डिपो को तबाह कर दिया था। ईरान के तेल कारोबार के लिए यह इतना बड़ा नुकसान था कि उसने पलटवार में सबसे बड़ा टारगेट अमेरिका, इजराइल और इसके सहयोगी अरब देशों के तेल ठिकानों को बनाने लगा। ईरानी सेना ने हमलों के साथ यह दावा साबित कर दिया कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया गया तो वह पूरी दुनिया को तेल के लिए तरसा देगा। जिस तरह हमारे मुल्क के सबसे पुराने बैंक पर बमबारी की गई है। उसमें काम कर रहे सैकड़ों लोग मारे गए। अब हम इसका बदला लेंगे। ठीक वैसे ही जैसे हमारे बैंक को निशाना बनाया गया। ईरानी विदेश मंत्री के इस बयान के बाद इजराइल से लेकर सऊदी अरब तक के सेंट्रल बैंक की सुरक्षा बढ़ा दी गई। क्योंकि ईरान अपने बैंक के खजाने और स्टाफ के खात्मे के बाद से तिल मिलाया हुआ है।

खासकर तब जब उसने ऊर्जा, बैंकिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम को निशाना नहीं बनाने की अपील की थी। अब ईरान बैंक पर बमबारी का बदला लेगा। तो सोचिए पूरे मिडिल ईस्ट में कैसा मंजर होगा और सिर्फ बैंक ही क्यों? ईरान की हिट लिस्ट में वो तमाम अमेरिकी टेक कंपनियां भी हैं जो मिडिल ईस्ट के अलग-अलग देशों में हैं। ईरान का कहना है कि ये टेक कंपनियां ना सिर्फ ईरानी सेना की मूवमेंट पर नजर रख रही हैं ।

# खाड़ी में भारतीयों की सुरक्षा के लिए मोदी लगा रहे पूरा जोर- जायसवाल

**नई दिल्ली**

**भारतीय** विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच भारत की सक्रिय और संतुलित विदेश नीति का विस्तृत चित्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने हाल के दिनों में ईरान के विदेश मंत्री के साथ तीन दौर की बातचीत की है। इन वाताओं में मुख्य रूप से समुद्री जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की




गयी। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इन वाताओं के बारे में अभी अधिक विस्तार से बताना सही नहीं है क्योंकि क्षेत्र की स्थिति अभी संवेदनशील और बदलती हुई है। उल्लेखनीय है कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम के कारण तनाव बढ गया है और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ रही है।

### 'नेहरू जी की गलती से एलपीजी सिलेंडर की कमी आई', केंद्र सरकार पर उदित राज का तंज

**नई दिल्ली**

देश में सिलेंडर की कमी की जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता उदित राज ने केंद्र सरकार पर तंज किया. उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि नेहरू जी की गलती से एलपीजी सिलेंडर की कमी आई. उनको गोदाम में पर्याप्त भंडारण कर देना चाहिए था और उनकी नाकामी से आज मोदी सरकार मांग पूरी नहीं कर पा रही है।

## भारत में ईंधन की कोई कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें



**नई दिल्ली**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और भारत के पास पर्याप्त कच्चा तेल है। भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति को सुरक्षित बताते हुए, केंद्रीय मंत्री ने लोगों से अफवाहें न फैलाने और झूठी बातें गढ़ने से बचने का आग्रह किया। लोकसभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक ऊर्जा इतिहास में दुनिया ने कभी ऐसा संकट नहीं देखा है। भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति सुरक्षित है, और सुरक्षित मात्रा होर्मुज जलडमरूमध्य से मिलने वाली मात्रा से कहीं अधिक है।

पुरी ने कहा कि संकट से पहले, भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 45 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से होकर गुजरता था। प्रधानमंत्री के उत्कृष्ट राजनयिक प्रयासों और सद्भावना के कारण, भारत ने उतनी मात्रा में कच्चा तेल सुरक्षित कर लिया है जितनी कि बाधित होर्मुज जलडमरूमध्य से उसी अवधि में मिल सकती थी। उन्होंने आगे कहा कि रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। कई मामलों में, वे 100% से भी अधिक क्षमता पर चल रही हैं। पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, एटीएफ या ईंधन तेल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल, डीजल, विमानन ईंधन, टर्बाइन ईंधन, केरोसिन और ईंधन तेल की उपलब्धता पूरी तरह सुनिश्चित है।

पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि संघर्ष शुरू होने से पहले कच्चे तेल के आयात में गैर-होर्मुज स्त्रोतों का हिस्सा 55% था, जो अब बढ़कर लगभग 70% हो गया है। भारत के स्त्रोत 2006 और 2007 में 27 देशों से बढ़कर 40 हो गए हैं।

## मंसा राम पार्क में भीषण आग, 80 झुग्गियां जलकर खाक, 28 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

**दिल्ली**

**दिल्ली** के द्वारका जिले के बिंदापुर थाना क्षेत्र के मंसा राम पार्क स्थित झुग्गी बस्ती में बुधवार देर रात भीषण आग ने तबाही मचा दी. करीब 80 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं और सैकड़ों लोग बेघर हो गए. हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. पुलिस के मुताबिक 11 मार्च की रात करीब 11 बजकर 57 मिनट पर ढउफकॉल के जरिए आग लगने की सूचना मिली. सूचना मिलते ही बिंदापुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और झुग्गियों में रह रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला. देर रात अचानक लगी आग से बस्ती में अफरातफरी मच गई और लोग जान बचाकर भागने लगे. पुलिस की त्वरित कार्यवाही से बड़ा हादसा टल गया. आग की भयावहता को देखते हुए दमकल विभाग की करीब 28 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत की और 12 मार्च तड़के करीब 3 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया गया।

# घबराहट में न करें बुकिंग, देश के पास पर्याप्त भंडार

**नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति बाधित होने की चिंताओं के बीच, भारत सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बुधवार को स्पष्ट किया कि घरेलू रसोई गैस (छढत्रू) की कोई कमी नहीं है और नागरिकों को घबराहट (ढल्लू) में आकर सिलेंडर बुक करने या जमाखोरी करने की आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि घरेलू रिफाइनरी कंपनियों ने भी एलपीजी उत्पादन 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है।



इसके अलावा भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति बाधित होने के बाद नए स्त्रोतों से कच्चा तेल लेने में भी सफल रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि सरकार के प्रयास घरों तक निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है और इसका 90 प्रतिशत आयात होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ही आता है। ऐसे में गैस आपूर्ति बाधित होने से वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के ऊपर घरेलू उपयोग को प्राथमिकता देने का सरकार ने फैसला किया है। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद मंत्रालय स्तर की पहली मीडिया ब्रीफिंग में शर्मा ने कहा, ह्लऐसी स्थिति में कुछ स्थानों से घबराहट में सिलेंडर की बुकिंग और गलत सूचना के कारण जमाखोरी किए जाने की खबरें मिली हैं।

### सामने आया मैच फिक्सिंग का मामला, आईसीसी ने इन दो लोगों पर लिया कड़ा एक्शन

**नई दिल्ली**

आईसीसी ने भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के उल्लंघन के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। इस कड़ी में आईसीसी ने वेस्टइंडीज के फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर जेवोन सर्ल्स को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। आईसीसी के मुताबिक सर्ल्स को एंटी-करप्शन कोड का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। ये मामला 2023-34 में बारबाडोस में खेले गए Bim10 लीग से जुड़ा है। वहीं सर्ल्स के अलावा आईसीसी ने टाइटन्स टीम के मालिक चित्ररंजन राठौड़ और टीम अधिकारी ट्रेवन ग्रिफिथ को भी सभी प्रकार के क्रिकेट से निलंबित कर दिया है। बिम10 एक 10-10 ओवर की पारियों वाला टूर्नामेंट हैं जिसमें छह टीमें वॉयजर्स, गार्डियंस, टाइटन्स, सेटलर्स, वॉरियर्स और पेलिकन्स टीम खेलती हैं।

यह टूर्नामेंट आखिरी बार 2023-24 में आयोजित हुआ था जो क्रिकेट वेस्टइंडीज के भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के अंतर्गत आता है। आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज दोनों ने अपने-अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अंतर्गत ये आरोप लगाए हैं। आईसीसी ने कहा कि तीनों को 11 मार्च 2026 से 14 दिनों के भीतर इन आरोपों का जवाब देने का समय दिया गया है।

# पिताजी ने 20 साल में जो काम किया मेरी कोशिश होगी कि उसे आगे बढ़ाएं

**बिहार**

**बिहार** के सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार गुरुवार (12 मार्च) को नालंदा में अपने पुश्तैनी गांव कल्याण बीघा पहुंचे. यहां मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनके पिता ने 20 सालों में काम किया है, कोशिश होगी कि उसे आगे बढ़ाएं और जनता का विश्वास पाएं. निशांत ने कहा कि बिहार की जनता का उन्हें स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है. पार्टी के कार्यकताओं और सीनियर नेताओं का भी प्यार मिल रहा है



और इसके लिए वो आभार व्यक्त करते हैं.

बता दें कि अपनी राजनीतिक पारी का आगाज करने के बाद निशांत कुमार लगातार पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे हैं. पार्टी में शामिल होने से पहले ही ये बता दिया गया था कि निशांत कुमार पूरे बिहार की यात्रा पर निकलेंगे. फिलहाल वो जहां जा रहे हैं, पार्टी के लोग फूलों से उनका स्वागत कर रहे हैं.

निशांत कुमार की जिम्मेदारी अभी तय नहीं

निशांत कुमार को पार्टी में अभी किसी तरह की जिम्मेदारी नहीं दी गई है. बुधवार (11 मार्च) को जब निशांत पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां मौजूद कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# नकली संतों का दौर खत्म होगा- अखिलेश यादव

**उत्तर प्रदेश**

**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यादव ने कहा कि किसी भी महत्वपूर्ण कार्य को शुरू करने से पहले आध्यात्मिक गुरु का मार्गदर्शन प्राप्त करना हमेशा शुभ माना जाता है। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि वे मुख्य रूप से शंकराचार्य का आशीर्वाद लेने आए थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह यात्रा 2027 के उत्तर



प्रदेश विधानसभा चुनावों से संबंधित है, तो उन्होंने जवाब दिया कि राजनीति में लोग अक्सर खुलकर अपने विचार व्यक्त करते हैं, खासकर सोशल मीडिया के युग में, लेकिन उनकी यह यात्रा केवल पूज्य संत से आशीर्वाद लेने के लिए थी। समाजवादी पार्टी के नेता ने यह भी कहा कि शंकराचार्य के आशीर्वाद से नकली संतों के प्रभाव को उजागर करने और समाप्त करने में मदद मिलेगी। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज में वास्तविक आध्यात्मिक मार्गदर्शन का महत्व बना हुआ है।


स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गौ संरक्षण अभियान के तहत एक दिन पहले लखनऊ पहुंचे थे। इस बातचीत के दौरान यादव ने बताया कि उनकी सरकार ने अपने कार्यकाल में इस क्षेत्र में कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का पहला गौ दुहने का संयंत्र कन्नौज में समाजवादी पार्टी के शासनकाल में स्थापित किया गया था।

# इच्छामृत्यु मामले में योगी सरकार आई आगे

## अशोक राणा परिवार को 2.5 लाख की मदद

**गाजियाबाद**

**गाजियाबाद** के राजनगर एक्सटेंशन स्थित राज एम्पायर सोसाइटी में रहने वाले अशोक राणा के इच्छामृत्यु मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है. परिवार की गुहार के बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार मदद के लिए आगे आई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़, जीडीए वीसी नंदकिशोर कलाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे. अधिकारियों ने परिवार की समस्याओं को विस्तार से सुना और



हर संभव मदद का भरोसा दिलाया. प्रशासनिक टीम ने मामले से जुड़ी परिस्थितियों की जानकारी ली और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए. इस घटनाक्रम के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि परिवार की परेशानियों का जल्द समाधान निकाला जाएगा. प्रशासन ने जनसहयोग के लिए उपलब्ध कराई आर्थिक सहायता जानकारी के अनुसार, अशोक राणा का परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है. उनका बेटा हरीश राणा पिछले करीब 13 साल से कोमा में है जिसके इलाज और देखभाल में परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. परिवार की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल जनसहयोग से 2.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई.

इसके साथ ही मुख्यमंत्री विवेक राहत कोष से भी आर्थिक मदद दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# केंद्रीय मंत्री व सांसद सिंधिया के प्रयासों से रेल कनेक्टिविटी की बड़ी सौगात

**नई दिल्ली/ अशोकनगर/शिवपुरी** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से अशोकनगर और कोलारस क्षेत्र की जनता को बेहतर रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रेल मंत्रालय ने 12 मार्च को अशोकनगर में सोगरियाझ्रदानापुर एक्सप्रेस (19801/02) तथा कोलारस में उज्जैनी एक्सप्रेस (14309/10) के स्टॉपेज को स्वीकृति दी है। यह निर्णय क्षेत्र के यात्रियों के लिए आवागमन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाएगा। यह



जानकारी केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने सोशल मीडिया फेसबुक पर पोस्ट कर साझा की है।

पत्र पर त्वरित कार्रवाई

विदित रहे कि केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने 26 फरवरी 2026 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अशोकनगर और कोलारस में इन ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता को रेखांकित किया था।

# बारात से लौट रहे चार युवकों की बाइक ट्रेलर से भिड़ी, दो की मौत, दो गंभीर

**अखंड भारत संदेश**





मृतक ज्ञान चंद्र पटेल व पंकज पटेल की फाइल फोटो

**सहसों।** बारात से घर लौट रहे बाइक सवार चार युवकों की ट्रेलर से टक्कर हो जाने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के तकिया गांव निवासी पंकज पटेल (19) पुत्र चंद्र भूषण पटेल, सोपरावारी गांव निवासी ज्ञानचंद पटेल (26) पुत्र राम अधार पटेल, नीरज पटेल (20) पुत्र ब्रह्म बहादुर पटेल तथा प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जिवनरायनपुर गांव निवासी रोहित गौतम (20) बुधवार रात पड़ोस के बेरुई गांव निवासी गिरधारी पटेल के पुत्र राजमणि की बारात में शामिल होने नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेरुआ स्थित एक गेस्ट हाउस गए थे। बारात से लौटते समय रात करीब 11 बजे चारों युवक एक ही बाइक से अपने घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे नवाबगंज थाना क्षेत्र के हड़िया-कोखराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहाबपुर गांव के सामने राजा साहब की बगिया के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पंकज पटेल और ज्ञानचंद पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नीरज पटेल और रोहित गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि पंकज पटेल अविवाहित थे और दो भाई व दो बहनों में तीसरे नंबर पर थे। वहीं ज्ञानचंद पटेल भी अविवाहित थे और तीन भाई व दो बहनों में तीसरे नंबर पर थे। उनके पिता किसान हैं। इस दर्दनाक हादसे से दोनों परिवारों में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों द्वारा दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## पशुओं को चारा खिलाने गयी महिला को सांप ने डंस लिया –मौत

**करछना।** पशुओं को चार देते समय महिला को सांप ने डस लिया। उसने मामले की जानकारी घरवालों को दी। सांप काटने की जानकारी पाकर परिवार के लोग उसे लेकर अस्पताल गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कौवा गांव की रहने वाली 35 वर्षीय मीरा देवी पत्नी सोहनलाल प्रजापति बुधवार की शाम घर पर पशुओं को चारा देने गई थी। अचानक उन्हें सांप ने डस लिया। इसकी जानकारी उन्होंने अपने घर वालों को दी। उन्हें लेकर स्वरूप रानी अस्पताल गए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महिला को तीन बेटी और एक बेटा है।पति फेरी का काम करता है।

# सड़क बंद करने की तैयारी के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, उत्तर रेलवे को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** गारापुर से सिकंदरा होते हुए बहरिया जाने वाले मुख्य मार्ग पर सरायचंडी रेलवे क्रॉसिंग से पहले दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क को बंद किए जाने की जानकारी के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। भगवत मिश्रा सहित कई ग्राम प्रधानों के नेतृत्व में ग्रामीण सरायचंडी रेलवे क्रॉसिंग के पास तिवारीपुर मार्ग पर एकत्र हुए और उत्तर रेलवे को ज्ञापन देकर सड़क बंद न करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब 40 वर्ष पहले इस मार्ग का निर्माण मंडी परिषद द्वारा कराया गया था। बाद में जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर लगभग 18 फीट कर दी, लेकिन उस समय भी रेलवे विभाग की ओर से कोई आपत्ति नहीं जताई गई।

ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग करीब 20 किलोमीटर क्षेत्र के लोगों को सीधे तहसील फूलपुर से जोड़ता है तथा लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने का प्रमुख साधन है। तिवारीपुर ,हसनपुर कोरारी, बैजपुर, चक शाहवान, प्रतापपुर, बेलवा, सरायचंडी, बरेठी, सोपरावारी समेत करीब 30 ग्राम पंचायतों के लोगों के लिए यह मुख्य आवागमन मार्ग है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे विभाग सड़क को बंद कर चहारदीवारी बनाने की तैयारी कर रहा है, जिससे हजारों लोगों की आवाजाही प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने मांग की कि जिस जमीन पर रेलवे बाउंड्री बनाने की बात कर रहा है उसकी पैमाइश गांव के लोगों की मौजूदगी में कराई जाए। साथ ही सड़क को यथावत रखते हुए चहारदीवारी सड़क से हटाकर बनाने की मांग की। ग्राम प्रधान कुम्भौना राम सिंह यादव और ग्राम प्रधान प्रतापपुर शिवकुमार भारतीय ने कहा कि किसान, मजदूर और विद्यार्थी इसी मार्ग से अपने कार्यस्थल और विद्यालयों तक पहुंचते हैं। मार्ग बंद होने से रोजगार और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इस दौरान पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला, पूर्व प्रधान गुलाबचंद विश्वकर्मा, पूर्व बीडीसी विनोद कुमार मिश्रा, गया प्रसाद तिवारी, मुन्ना पाल, रमेश मौर्य, हरिराम मौर्य, रमाकांत मौर्य, विनोद कुमार मौर्य और विद्यासागर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने ग्रामसभा की नक्शा नकल दिखाते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन सरायचंडी में न होकर बैजपुर ग्राम पंचायत में स्थित है। उन्होंने राजस्व विभाग से मौके पर माप-जोख कराकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा सड़क मार्ग के लिए हम सब देश व प्रदेश के विभागीय अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाएंगे तथा किसी भी दशा में मार्ग को बाधित नहीं होने देंगे।

# कलयुगी मां ने दुधमुंहे बच्चे की पत्थर से मारकर ली जान



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** पारिवारिक कलह से हैरान, परेशान एक कलयुगी निर्दयी मां ने अपने दुधमुहे बच्चे को नुकीले पत्थर से मारकर उसके प्राण ले लिए। सराय ममरेज थानांतर्गत पिलखिनी गाँव निवासी संतोष यादव मजदूरी करके जीवन यापन करता है उसकी पत्नी मनोरमा अपने दुधमुहे नवजात बच्चे ईश्वर उम्र 5 महीने के साथ रहती थी। बुधवार की शाम संतोष मजदूरी कर-के घर आया तो देखा कि उसका बच्चा मौके पर नहीं है तो अपनी पत्नी से पूंछा तो पत्नी गुस्से मे बोली कि उसे मारकर तालाब के पास फेंक दी हूं इसके बाद संतोष अपने बच्चे को खोजने लगा लेकिन नही मिला तो कड़ाई से पूंछा तो मनोरमा ने सच्चाई बता दी बोली पशुशाला मे महुआ के पत्ते के नीचे छीपा दिया है जिसके बाद संतोष ने खोजा तो उसका बच्चा वहीं मृत मिला इसकी सूचना मिलने पर अगल बगल के लोगो की भीड़ जुट गयी। सूचना पर सराय ममरेज थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा, जंघई चौकी इंचार्ज शरद सिंह मौके पर पहुचें और मृतक बच्चे के शव को कब्जे मे ले लिया। घटना के बाद उसका पति पुलिस के डर से फरार हो गया था वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस महिला मनोरमा को पकड़ कर थाने ले गयी आरोपी महिला की शादी दो साल पहले हुई थी वह संतोष यादव की दूसरी पत्नी है। थानाध्यक्ष सराय ममरेज अतुल कुमार मिश्र ने कहा कि पारिवारिक कलह से आजीज आकर महिला ने अपने बच्चे को मौत के घाट उतार दिया पति पत्नी मे अक्सर विवाद होता था मृतक बच्चे के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जंघई में ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** गोंडा से कुर्ला टर्मिनल मुंबई जाने वाली गोदान एक्सप्रेस बुधवार जंघई जंक्शन से जैसे ही प्रयागराज की तरफ बढ़ी कि सेमरी गांव के सामने एक युवक रेल पटरी पर आ गया और ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दिया। सूचना पर जीआरपी चौकी इंचार्ज अरूण कुमार मिश्रा, आरपीएफ उपनिरीक्षक दीपक कुमार मौके पर पर पहुंचे और शव? को कब्जे में लेकर स्थिति का मुआयना किया, आधार कार्ड के अनुसार मृतक की पहचान राजू कुमार मांझी उम्र 31 वर्ष पुत्र किशन मांझी निवासी ईस्ट कैलाश दिल्ली के रुप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह युवक एक घंटे से रेलवे पटरी के अगल बगल टहल रहा था जैसे ही गोदान ट्रेन जंघई स्टेशन से 200 मीटर प्रयागराज की तरफ सेमरी, भोगीपुर गांव के पास पहुंची थी कि ग्रामीणों के बार बार मना करने के बावजूद वह ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया।

# भक्त की निश्छल भावना निर्गुण ब्रह्म को सगुण साकार बना देती है : कथा व्यास पं निर्मल कुमार शुक्ल



**करछना।** वैसे तो वेदों पुराणों और शास्त्रों में परमात्मा का वर्णन निर्गुण निराकार अज, अनादि ,अगोचर ,अव्यक्त और अविनाशी के रूप में किया गया है।वह ब्रह्म जन्म मरण से परे कर्तुम -अकर्तुम अन्यथा कर्तुम- नाम रूप से परे और सर्वव्यापी है। किन्तु जब भक्त की निश्छल भावना अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच जाती है। तो उस निर्गुण निराकार ब्रह्म को उस प्रेम के वशीभूत होकर आकार ग्रहण करना पड़ता है।सो केवल भगतन हित लागी।परम कृपालु प्रणत अनुरागी।उक्त उद्गार राष्ट्रीय प्रेम मानस प्रचार समिति कबरा द्वारा आयोजित मानस सम्मेलन के द्वितीय दिवस शुक्रवार को महाराष्ट्र से पधारे हुए रामायण भागवत शिव पुराण गीता एवं सनातन धर्म ग्रंथों के विलक्षण व्याख्या कार सुप्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने श्रोता समूह को आनंद विभोर करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ मूर्तिमान वेद हैं और तीनों रानियां वेद की तीन ऋचाएं हैं। कौशल्या ज्ञान ,कैकेई कर्म और सुमित्रा उपासना हैं।

राजा दशरथ की अवस्था साठ हजार वर्ष की हो गई । तब तक कोई पुत्र नहीं प्रकट हुए तो उन्होंने गुरुदेव वशिष्ठ से निवेदन किया और श्रृंगी ऋषि को आचार्य बनाकर पुत्र कामेष्टि यज्ञ कराया गया। अग्नि देव ने पायस का प्रसाद प्रदान किया। जिसके फलस्वरूप तीनों रानियों से 4 पुत्र प्रकट हुए। आध्यात्मिक दृष्टि से ए चारों पुत्र वेद के चार पुरुषार्थ अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष हैं।भरत मूर्तिमान धर्म, शत्रुघ्न अर्थ, लक्ष्मण काम और भगवान श्री राम मोक्ष हैं। वैसे तो इन भाइयों में राम को भरत सर्वाधिक प्रिय हैं किन्तु व्यवहार में श्रीराम और भरत हमेशा दूर- दूर रहे। राम के साथ लक्ष्मण और भरत के साथ शत्रुघ्न का दर्शन होता है। इसका भी गंभीर आध्यात्मिक कारण है।यह संसार ही एक समुद्र है जिसमें दो तट हैं एक है धर्म दूसरा मोक्ष साधक धर्म के तट से यात्रा प्रारम्भ करता है। और मोक्ष के तट पर यात्रा संपन्न होती है। धर्म के साथ हमारा अर्थ जुड़ा होना चाहिए और मोक्ष के साथ काम (कामना) जुड़ी होनी चाहिए। इससे पूर्व पं ब्रह्म दीन तिवारी मानस मर्मज्ञ ने सत्संग से ही जीवन को सार्थक किया जा सकता है । कथा का रस पान कराया। व्यास जी को धर्म राज द्विवेदी, सुरेश चंद पांडेय, अशोक मिश्र, राधेश्याम वैश्य, शंभू नाथ कुशवाहा, रामसजीवन यादव , के द्वारा माल्यार्पण कर सम्मान किया गया । प्रबंधक विद्याधर मिश्र ,संयोजक प्रकाश चंद्र पांडेय ने सभी श्रोताओं का आभार व्यक्त स्वागत किया। संचालन कृष्ण प्रकाश तिवारी ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त लोग मौजूद रहे।

## करछना में,एसडीएम और तहसीलदार न्यायालय में काम नहीं करेंगे अधिवक्ता

**करछना।** तहसील बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने एसडीएम और तहसीलदार न्यायालय में कार्य न करने का निर्णय लिया। अन्य न्यायालयों का कामकाज पूर्व की तरह चलता रहेगा।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में महामंत्री शिवेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ल, पूर्व महामंत्री हंसराज सिंह सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक एसडीएम और तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं होता, तब तक दोनों न्यायालयों में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।अधिवक्ताओं के इस निर्णय से तहसील आने वाले फरियादियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम और तहसीलदार न्यायालय में कामकाज ठप होने से मुकदमों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। दूर-दराज से आने वाले लोगों को बिना सुनवाई के वापस लौटना पड़ रहा है, जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# कांग्रेस पार्टी ने नैनी के पन्द्रह वार्डों की बैठक कर राहुल गांधी की रैली में भाग लेने की अपील किया

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी कार्यालय कॉटन मिल पर जमुनापार के सभी पन्द्रह वार्डों की बैठक महानगर अध्यक्ष फुजैल हाशमी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कार्यक्रम का संचालन महानगर कांग्रेस पार्टी के महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में सभी अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपा गया कि 22 मार्च को मांडा के भारतगंज में कांग्रेस पार्टी विपक्ष के नेता, सांसद, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया हैं। जमुनापार के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पटेल ने बताया कि यह रैली मनरेगा, संविधान एवं किसान का सम्मान बचाने के लिए हो रही हैं। कॉर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रयागराज के मांडा में होने वाली रैली प्रदेश और देश में नया परिवर्तन कराने में सफल होगी। इसका प्रभाव होने वाले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में असर पड़ेगा। पूर्व प्रवक्ता उत्तर प्रदेश किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि सभी वार्डों से हजारों की संख्या में लोगों की रैली में भागीदारी होगी। बैठक में कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी, कॉर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पटेल, पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, राजकुमार कुशवाहा, अंजुम नाज, विनोद जैकब, विवेक पांडे, नागेश भारतीय, मुन्ना जाफरी, वैभवी जोशी, राजेश मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव, राजू भारतीय, जाविद आलम, माधवी राय, संदीप कन्नौजिया, निजाम, इंजीनियर विजय कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, वीरेंद्र यादव, अमित यादव, आदि लोग शामिल रहें।

## शौच करने गया युवक अचानक कुएं में गिरा रेस्क्यू टीम ने निकाला

**करछना।** थाना क्षेत्र के भरहा गांव के सामने बस्ती से 500 मीटर की दूरी पर गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब सुनसान स्थान पर स्थित एक कुएं से बढ़ाने की पुकार सुनाई देने लगी। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के कैथी गांव निवासी 24 वर्षीय रवि कुमार भारतीय पुत्र राधेश्याम भारतीय सुबह के वक्त घर से शौच करने के लिए निकाला था। उसी दरमियान भरहा गांव के सामने खेत की ओर जा रहा था। तभी अचानक झाड़ियां के बीच में स्थित कुआं में फिसल कर गिर पड़ा। कुआं में गिरने के बाद वह जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगा। घंटों बाद कुआं के पास से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने चीखने चिल्लाने की आवाज सुनी तो कुआं के पास गए और आवाज दिया तो युवक बचा लेने की बात कहीं। इसके बाद अन्य ग्रामीणों को जानकारी हुई तो धीरे-धीरे भीड़ जुट गई। सूचना होने पर फायर ब्रिगेड टीम के साथ करछना पुलिस मौके पर पहुंची घंटों कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकल गया। पानी में होने के कारण ठंड से कांप रहे युवक को उपस्थित लोगों ने सूखा कपड़ा देकर मदद किया। इसके बाद पुलिस ने घरवालों को मौके पर बुलाकर युवक को साथ भेज दिया।

# बीआरसी जसरा में दो दिवसीय नालेज शेयरिंग कार्यशाला संपन्न

## शिक्षकों ने लगाई टीएलएम प्रदर्शनी

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।** ब्लाक संसाधन केंद्र जसरा घूरपुर प्रयागराज में दो दिवसीय नालेज शेयरिंग कार्यशाला संपन्न हुई। सत्तर शिक्षकों ने इस दो दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने कहा कि नालेज शेयरिंग कार्यक्रम से शिक्षकों के नवाचारों का आदान-प्रदान होता है।ऐसे कार्यक्रम से शिक्षक एक दूसरे से जानकारी, विचार,कौशल और अनुभव का आदान-प्रदान करते हैं।यह शिक्षकों एवं विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने, चुनौतियों का समाधान करने व नवाचार को बढ़ावा देने में मदद करता है। एआरपी श्रीनारायण मिश्र अरविंद सैनी पंकज कुमार साहू महेंद्र निषाद ने विभिन्न सत्रों में इस कार्यशाला को संचालित किया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी न्याय पंचायत के शिक्षकों ने अपने न्यायपंचायत के नवाचारों से संबंधित टीएलएम की प्रदर्शनी लगाई।जिसकी सभी ने बहुत प्रशंसा किया। बेहतरीन टीएलएम निर्माण करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रमोद कुमार मिश्र,उमेश शुक्ला,अल्का शर्मा, बुशरा खानम,फरहा एजाज, अभिषेक कुमार, जितेन्द्र कुमार शर्मा, बबिता वर्मा, ज्योति जायसवाल, जितेन्द्र मिश्र, सुभाषिनी केसरवानी,सरिता कनौजिया,नीलम सिंह, अंकिता शुक्ला,रिचा मिश्रा,रेखा सिंह,ऊषा यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# बड़गोहना कला में धूमधाम से संपन्न हुआ प्राचीन मेला व होली मिलन समारोह, हजारों लोगों ने लिया आनंद

**अखंड भारत संदेश**



**कौंधियारा।** कौंधियारा क्षेत्र के बड़गोहना कला गांव में आयोजित प्राचीन मेला और होली मिलन समारोह मंगलवार को उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। मेले में क्षेत्र के हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने झूले, दुकानों तथा विभिन्न सांस्कृतिक माहौल का भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार, समाजसेवी श्रीराम बिन्द और शिव भोला बिन्द ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए मेले का आनंद लिया।

मेले में बच्चों और युवाओं के लिए रंग-बिरंगे गुब्बारों की दुकानें, खिलौनों की दुकानें तथा विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए थे, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। मेले के व्यवस्थापक मुकुंदलाल बिन्द और राजकुमार बिन्द ने बताया कि आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और दर्शकों व दुकानदारों की सुविधा के लिए चारों ओर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई थी।

मेला आयोजक एवं प्रधान उग्रसेन बिन्द ने बताया कि रघुनाथ प्रसाद जूनियर हाई स्कूल परिसर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर साधूकुटी पर यह मेला लगभग पचास वर्षों से लगातार आयोजित होता आ रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्रामीणों के सहयोग से मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष मेले और होली मिलन समारोह को और भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।

मेले को सफल बनाने में बिन्द सेना बारा और भीम सेना के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर चन्द्रशेखर बिन्द, राजधर बिन्द, शशिधर बिन्द, प्रधान चामू, बृजेश बिन्द, गुलाब बिन्द, एडवोकेट विकास बिन्द, एडवोकेट शिव शंकर बिन्द, भीम सेना जिलाध्यक्ष हौशला प्रसाद कुशवाहा, अनिल बिन्द, राजेश कुमार, राजेश पवरी, गेंदा लाल बिन्द, नन्द लाल यादव, रामजस पटेल सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# लूट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार 2020 की घटना से जुड़ा था मामला




**प्रयागराज।** बहरिया थाना पुलिस ने लूट के एक पुराने मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को थाना क्षेत्र के रामगढ़ कोठारी गांव के पास नहर किनारे से पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2020 में दर्ज लूट के एक मामले में प्रशांत दुबे नामक आरोपी की तलाश की जा रही थी। वह रामगढ़ कोठारी गांव का रहने वाला है और काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम को सूचना मिली कि आरोपी गांव के पास नहर के किनारे मौजूद है, जिसके बाद घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक 30 सितंबर 2020 को रामगढ़ कोठारी गांव के पास नहर पुलिया के पास रिश्तेदारी से लौट रहे एक व्यक्ति की बाइक रोककर उससे तीन हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया गया था। इस मामले में बहरिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में पहले ही तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि प्रशांत दुबे फरार चल रहा था।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, लूट, मारपीट और धमकी देने जैसे मामले शामिल हैं। बहरिया थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम में उपनिरीक्षक बलवंत सिंह, उमेश यादव, बालकेश, चंदन कुमार यादव, गोविंद दास प्रजापति, महिला उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा, हेड कांस्टेबल रामचंद्र वर्मा और कांस्टेबल मनीष यादव शामिल रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण, लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** शासन की मंशा के अनुरूप सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने, जनसाधारण की शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा विभिन्न पटलों पर लंबित मामलों की संख्या कम करने के उद्देश्य से मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने आज प्रयागराज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, संबंधित अपर जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।निरीक्षण से पूर्व मंडलायुक्त ने संगम सभागार में विभिन्न पटलों से जुड़े लिपिकों एवं पटल सहायकों के साथ बैठक कर उन्हें अपने-अपने पटलों पर लंबित सबसे पुराने वादों की स्थिति तथा पेंडेंसी से संबंधित अद्यतन जानकारी तैयार रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरूआत अपर जिलाधिकारी (शहर) की न्यायालय से की गई, जहां पाँच वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों की समीक्षा की गई। कई मामलों में लंबित रहने के कारण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मंडलायुक्त ने फूड सेफ्टी से संबंधित सभी प्रकरणों की सूची तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में खाद्य मिलावट जैसे गंभीर आरोप नहीं हैं, उनमें शीघ्र आख्या लगाकर निस्तारण किया जाए। वहीं गंभीर मामलों में विधिसम्मत अभियोजन की कार्रवाई करते हुए उन्हें भी समयबद्ध रूप से निष्पादित किया जाए।

फूड सेफ्टी एवं रेंट कंट्रोल से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि पाक्षिक आधार पर विशेष कैंप आयोजित कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए, जिससे पेंडेंसी में कमी लाई जा सके।

मंडलायुक्त ने न्यायिक सहायक (जे.ए.) न्याय के पटल का भी निरीक्षण किया, जहां टाउन एरिया से संबंधित वादों का निस्तारण किया जाता है। गार्ड फाइल की समीक्षा के दौरान आवश्यक आदेशों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संलग्न रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अपर जिलाधिकारी को पटलवार लंबित मामलों की मासिक समीक्षा कर उनके निस्तारण की प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर पटल सहायक द्वारा की गई प्रविष्टियां त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर उन्हें फटकार लगाते हुए सभी प्रविष्टियों की पुनः जांच कर उन्हें सही कराने के निर्देश दिए गए।

सर्विसेज सत्यापन से संबंधित लंबित प्रकरणों के संबंध में बताए जाने पर की यहां से रिपोर्ट भेजे जाने के बाद भी पुलिस कमिश्नर कार्यालय से सत्यापन आख्या समय से प्राप्त नहीं हो पाती है, मंडलायुक्त ने लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर जिलाधिकारी के माध्यम से पुलिस कमिश्नर को अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली में सुधार का सुझाव देते हुए कहा कि वर्तमान में अलग-अलग प्रविष्टियों के लिए कई रजिस्टर होने से समन्वय में कठिनाई होती है। इसलिए सत्यापन आख्या प्राप्त होने के बाद उसी रजिस्टर में प्रविष्टि दर्ज करने अथवा एक अतिरिक्त कॉलम जोड़कर टिप्पणियां अंकित करने की व्यवस्था लागू की जाए।

मंडलायुक्त ने डाक विभाग, न्यायिक अभिलेखागार और राजस्व अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया। फाइलों की व्यवस्थित स्टैकिंग सुनिश्चित करने तथा जिन कपड़ों में फाइलें सुरक्षित रखी गई हैं उन्हें आवश्यकतानुसार ठीक करने या बदलने के निर्देश दिए गए। अभिलेखागारों में फाइलों की सूचीबद्धता संतोषजनक न पाए जाने पर सभी फाइलों का व्यवस्थित इंडेक्स तैयार कराने के निर्देश दिए गए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर अभिलेख आसानी से उपलब्ध हो सकें। इसके लिए विशेष अभियान चलाकर चकबंदी एवं अन्य विभागों से आवश्यकतानुसार लेखपालों तथा अधिकारियों की टीम बनाकर सहयोग लेने को कहा गया। न्यायिक अभिलेखागार में थाना-वार तथा राजस्व अभिलेखागार में तहसील-वार इंडेक्सिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अत्यंत पुराने एवं अनुपयोगी अभिलेखों की सूची बनाकर नियमों के अनुसार उनका विधिवत निस्तारण करने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने एसएलएओ तथा एलआरसी कार्यालयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि न्यायालयों में लंबित मामलों के कारण अवरुद्ध सरकारी प्राइम भूमि की प्रभावी पैरवी कर उसे मुक्त कराने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं, ताकि इन परिसंपत्तियों का उपयोग जनहित के कार्यों में किया जा सके।

इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित क्लॉक टावर का भी निरीक्षण किया गया। घड़ी बंद पाए जाने पर उन्होंने जिलाधिकारी को स्मार्ट सिटी परियोजना के माध्यम से उसे शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## 13 साल से कोमा में है बेटा, माता-पिता ने लगाई थी गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स (अक्क्टर) को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे।पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है

कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया।



फैसले पर पिता अशोक ने कहा हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था।

जस्टिस पारदीवाला ने फैसला सुनाते वक्त अमेरिकी धर्मगुरु हेनरी वार्ड बीचर के शब्दों का हवाला देते हुए कहा, 'ईश्वर मनुष्य से यह नहीं पूछते कि वह जीवन स्वीकार करता है या नहीं, उसे जीवन लेना ही पड़ता है।'

### हरीश हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे थे, तब से बिस्तर पर

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया।इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।यह स्थिति हरीश के लिए बहुत दर्दनाक है। परिवार के लिए उन्हें ऐसे देखना मानसिक रूप से बेहद कठिन हो गया है। वेंटिलेटर, दवाइयों, नर्सिंग और देखभाल पर कई साल से इतना खर्च हो चुका है कि परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है।

## नहर किनारे कुएं में गिरा युवक, पुलिस और ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित निकाला गया

**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के भरहा गांव के पास गुरुवार सुबह एक युवक नहर किनारे स्थित कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार कैथी गांव निवासी रवि कुमार भारतीया (24), पुत्र राधेश्याम भारतीया, सुबह शौच के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान वह नहर के किनारे स्थित एक कुएं में गिर गए। उधर से गुजर रहे एक ग्रामीण को कुएं की तरफ से आवाज सुनाई दी। पास जाकर देखने पर पता चला कि एक युवक कुएं में गिरा हुआ है। ग्रामीण ने तुरंत इसकी सूचना गांव के अन्य लोगों को दी। सूचना मिलते ही करछना थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई।

# प्रशिक्षित युवाओं का कौशल विकास ही राष्ट्र निर्माण की है वास्तविक शक्ति : जी श्रीनिवास

कौशल से सशक्त युवा विकसित आत्मनिर्भर भारत के सपनों की नींव को रखेंगे मजबूत,मेजा ऊर्जा निगम के सहयोग से मिला नई उड़ान का आसमान, 40 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र



प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण पत्र और नियुक्ति पत्र देते निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत कौशल विकास पहल के तहत सीपेट लखनऊ में प्रशिक्षित युवक एवं युवतियों के लिए 11 मार्च को सेंट जोसफ स्कूल सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 40 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मेजा ऊर्जा निगम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत सीपेट लखनऊ के सहयोग से युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का सफल प्रयास किया गया है और 40 प्रशिक्षार्थियों को सीपेट लखनऊ में चार माह का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण मशीन ऑपरेटर टूल रूम ट्रेड में प्रदान किया गया, जिसके उपरांत 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दिया गया। प्रशिक्षित युवाओं को गुजरात और हरियाणा राज्यों की विभिन्न अग्रणी कंपनियों में नियुक्तियां भी प्राप्त हुई है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी श्रीनिवास राव ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य है। उन्हें सही प्रशिक्षण और अवसर देकर हम एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रख सकते हैं। कौशल विकास ही राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दीं और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने मेजा ऊर्जा निगम और सीपेट को अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए आभार प्रकट किया। इस मौके पर नरेंद्र नाथ सिन्हा (महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण),अशोक कुमार सामल (महाप्रबंधक अनुरक्षण), विवेक चन्द्र (अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन), डॉ एके चौधरी (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), नवाब अंसारी, (अपर महा प्रबंधक सतर्कता), यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण के अलावा सीपेट के अधिकारी, एवं अभिभावक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बहुजन नायक रामदास आठवले को केंद्रीय मंत्री की शपथ दिलाई जाने पर पार्टी में है जश्न का माहौल

आरपीआई के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम के नेतृत्व में उनके निजी आवास बंधवा में आयोजित बैठक में कार्यकताओं ने बांटी मिठाई, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले को दी बधाई





केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, बैठक आयोजित कर बधाई देते आरपीआई कार्यकर्ता और पदाधिकारी

**मेजा।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बहुजन नायक रामदास आठवले को मोदी सरकार मंत्रालय में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाने पर रिपब्लिकन पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में जश्न का माहौल है जगह जगह कार्यक्रम आयोजित कर बहुजन नायक को जहां बधाईयां दी जा रही हैं वहीं पार्टी कार्यकताओं द्वारा लोगों का मुंह मीठा कराया जा रहा है। ऐसे में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने देश के यशश्वी पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को बधाई देते हुए जहां आभार जताया है वहीं प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम के नेतृत्व में उनके बंधवा स्थित आवास पर कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री को पुनः मंत्रिमंडल में केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाने पर कार्यकताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और देश के पीएम मोदी का आभार जताते हुए केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले को बधाई दिया है। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने कहा कि बहुजन नायक एवं हम सबके अगुवा पार्टी प्रमुख माननीय मंत्री जी के कुशल नेतृत्व आरपीआई दिनों दिन नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पूरी दमदारी के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और जमीन से जुड़े हमारे जुझारू कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशियों को जीत दिलाकर विधान सभा में पहुंचाने का काम करेंगे जिसके लिए पूरी ऊर्जा और ताकत के साथ आरपीआई संगठन और पार्टी कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ क्षेत्र में लगे हुए हैं। इस मौके पर जिलामंत्री महेश प्रजापति के अलावा कई अन्य कार्यकताओं ने भी बैठक में अपने विचार व्यक्त किए।

## न्यूज झरोखा

### कंपोजिट विद्यालय पड़िला में बच्चों का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न



**थरवई।** बुधवार को विकास खंड सोरांव अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय पड़िला में बड़े ही उत्साह के साथ बच्चों ने अपना वार्षिकोत्सव मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी सुभाष चंद्र यादव रहे । सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ जिसके पश्चात आये हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न के साथ उनका सम्मान बढ़ाया। कार्यक्रम में बच्चों ने डांस, गाने आदि की मधुर – मधुर प्रस्तुतियाँ रहीं। जिसमें उपस्थित सभी ने बच्चों का तालियों के साथ उनका उत्साह वर्धन बढ़ाते रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बी ई ओ सोरांव सुमन मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा की आज बच्चों की अच्छी शिक्षा को लेकर सरकार हर निरन्तर प्रयासरत है। अब शिक्षा से कोई वंचित नहीं है कॉपी, किताब, ड्रेस व एम डी एम हर तरह से बच्चों को निःशुल्क उपलब्ध है। और हर विद्यालय में काबिल व शिक्षित टीचर्स के द्वारा उन्हें बेहतर से बेहतर शिक्षा दी जा रही। वहीं बच्चों के इस वार्षिकोत्सव पर कहा आज का यह दिन बच्चों के उत्सव, प्रतिभा का दिन है जो बच्चों ने प्रस्तुति दी है बहुत मधुर रही और कहा आज के बच्चे ही आने वाले कल का भविष्य होंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान राम अचल यादव, एडिओ पंचायत सुरेन्द्र प्रसाद, एच डी एफ सी बैंक मैनेजरअमित वात्सल्य व एच पी पी आई की ओर से अशोक यादव, सतीश, ग्राम विकास अधिकारी यशवंत सिंह यादव, राजीव सिंह, लाल प्रताप यादव, ग्राम पंचयात अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य, नितेश पाल, गौतम पटेल एवं ए आर पी रीता शर्मा, कंपोजिट विद्यालय पड़िला इं प्रधानाध्यापिका प्रमिला खरे, साधना यादव, लाल मणि, अल्का पाण्डेय, शकीला बानो, उपासना मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, सुषमा पटेल सहित समेत स्टॉफ व बच्चे उनके अभिभावक गण भी मौजूद रहे।

### खुसरो बाग में मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण, किसानों को दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी



**प्रयागराज।** औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र, खुसरो बाग में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन किसानों को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 100 किसानों और प्रशिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण में प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी और प्रतापगढ़ जिलों से आए किसानों ने भाग लेकर मशरूम उत्पादन की बारीकियों को समझा। मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह ने किसानों को मशरूम उत्पादन की उन्नत तकनीकों के साथ विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत किसान 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण लेकर मशरूम उत्पादन का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि करीब 2 लाख की लागत से मिनी मशरूम उत्पादन यूनिट लगाई जा सकती है और किसान छोटी झोपड़ी या कमरे से भी इसकी शुरूआत कर सकते हैं। शुभ सेवा एग्रो वेलफेयर फाउंडेशन के सीईओ डॉ. एस. आर. बघेल ने प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि भूसे को भिगोने के बाद उसमें उचित नमी बनाए रखते हुए स्पॉन डालकर बैग तैयार किए जाते हैं। साथ ही मशरूम बैग को कमरे में रखने, उत्पादन शुरू होने की अवधि, मशरूम को सुखाने और बाजार में पैकिंग कर बिक्री करने के तरीके भी बताए। प्रशिक्षण के व्यवहारिक सत्र में सभी प्रतिभागियों को अभ्यास के लिए एक-एक मशरूम बैग निशुल्क दिया गया। इस दौरान करीब 10 किसानों ने लगभग 2 लाख की लागत से मशरूम उत्पादन यूनिट स्थापित करने में रुचि दिखाई। मशरूम विशेषज्ञ कुंवारी ईशा ने बटन मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसके लिए कंपोस्ट तैयार करना पड़ता है, जिसमें करीब 28 दिन का समय लगता है और सात बार पलटाई करनी पड़ती है। कंपोस्ट बनाने में चोकर, मुर्गी की खाद, यूरिया, पोटाश और जिप्सम का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि बटन मशरूम का उत्पादन अक्टूबर से फरवरी के बीच बेहतर होता है। उन्होने बताया कि ऑटोमैटिक मशरूम प्लांट स्थापित करने में करीब 30 लाख की लागत आती है, जिसमें सरकार की ओर से लगभग 12 लाख की सब्सिडी मिलती है, जबकि शेष राशि किसान को वहन करनी होती है।

### हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम नगर क्षेत्र सफलता के साथ संपन्न



**प्रयागराज।** गुरूवार को नगर क्षेत्र के सीपीआई परिसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें आदरणीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक श्री संजय कुमार कुशवाहा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र श्रीमती प्रतिभा सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें नगर क्षेत्र के 22 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, अभिभावक, बच्चे और विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्चन, दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र श्रीमती प्रतिभा सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ प्रदान कर अपने स्वागत उद्बोधन दिया गया तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते विस्तारपूर्वक बताया 3 वर्ष की आयु से शुरू, बाल वाटिका कक्षा एक और दो निपुण बनाने की प्रक्रिया का अंग है , सांस्कृतिक कार्यक्रम संविलियन विद्यालय नखास कोना के बच्चियों द्वारा उनकी शिक्षिका श्रीमती गार्गी अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के दो संकुल, साउथ मलाका और एलनगंज संकुल के चिन्हित पांच -पांच बच्चों को निपुण से सम्मानित किया गया। एआरपी मनोज पांडे द्वारा भी बाल वाटिका और निपुण विद्यालय बनाने के विषय पर विचार प्रस्तुत किए गये आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साउथ मलाका से श्रीमती रीता देवी ने भी अपनी विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सभी को निपुण विद्यालय हेतु निपुण शपथ अनुरागिनी सिंह द्वारा दिलाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती अनुरागिनी सिंह द्वारा किया गया।

# दहेज प्रताड़ना व विवाहिता की मौत के मामले में पति समेत तीन गिरफ्तार

**करछना।** दहेज प्रताड़ना और विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में कौंधियारा थाना पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पति, ससुर और सास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को उनके गांव से पकड़कर न्यायालय भेज दिया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के ढोढ़री गांव निवासी बृजेश कुमार, उसके पिता कमला और माता सुशीला पर विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप है। मामले में मृतका के पिता बुद्धसेन निवासी जमुआधूस, पोस्ट देवघाट थाना कोरांव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही उसकी पुत्री को ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

बताया गया कि विवाहिता की तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे लगातार प्रताड़ित किया, जिससे उसकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया था और गांव में भी घटना को लेकर काफी आक्रोश व्याप्त हो गया था।

मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को थाना कौंधियारा पुलिस टीम ने ढोढ़री गांव से तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए पति बृजेश कुमार (करीब 20 वर्ष), उसके पिता कमला (करीब 50 वर्ष) और माता सुशीला (करीब 45 वर्ष) को हिरासत में लिया। पुलिस ने तीनों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विवाहिता की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के बाद से मृतका के मायके पक्ष में शोक का माहौल है।

ग्रामीणों के अनुसार विवाहिता की मौत से गांव में भी तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निगम की क्रेडिट रेटिंग में यह सुधार हमारे बेहतर संचालन और प्रयासों का है परिणाम : जी श्रीनिवास

मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य वित्तीय अधिकारी अंशु बरुवा ने कहा बेहतर क्रेडिट रेटिंग हमारी मजबूत वित्तीय स्थिति को है दशार्ती जो स्थिर नकदी प्रवाह जिम्मेदार तरीके से कर्ज कम करने और निगम के बेहतर संचालन से हुआ है संभव

**मेजा।** देश की विश्वसनीय केयर रेटिंग एजेंसी केयर एज रेटिंग्स लिमिटेड ने एमयूएनपीएल की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड कर दिया है। मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है। उल्लेखनीय है कि निगम की क्रेडिट रेटिंग में हुआ यह सुधार कंपनी के अच्छे संचालन, स्थिर वित्तीय स्थिति और भारतीय बिजली क्षेत्र के मजबूत नियामक ढांचे को दशार्ता है। गौरतलब है कि केयर एज रेटिंग्स लिमिटेड ने एमयूएनपीएल की दीर्घकालिक बैंक सुविधाओं की रेटिंग को केयर ए और स्टेबल (CARE A+; Stable) से बढ़ाकर (CARE AA-; Stable) कर दिया है। इसके अलावा अल्प कालिक बैंक सुविधाओं की रेटिंग को CARE A+; Stable / CARE A1 से बढ़ाकर CARE AA-; Stable / CARE A1+ कर दिया गया है। यह रेटिंग सुधार एमयूएनपीएल के लगातार अच्छे संचालन, मजबूत



बेहतर संचालन और अधिकारियों कर्मचारियों के अथक प्रयास के कारण नई ऊंचाइयों को छूता मेजा ऊर्जा निगम

वित्तीय अनुशासन और बेहतर नकदी स्थिति को दशार्ता है। कंपनी को अपने प्रमोटरों एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अनुभव और प्रबंधन क्षमता का भी लाभ मिलता है, जिससे उसका कामकाज स्थिर बना रहता है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि एमयूएनपीएल का मजबूत वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन राज्य में बिजली आपूर्ति को और भरोसेमंद बनाएगा तथा आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे के विकास को समर्थन देगा। निगम की इस उपलब्धि को रेखांकित करते हुये एमयूएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी श्रीनिवासा राव ने कहा कि क्रेडिट रेटिंग में यह सुधार हमारे बेहतर संचालन, तकनीकी भरोसेमंदी और सभी हितधारकों के लिए लंबे समय तक मूल्य संवर्द्धन के हमारे प्रयासों को दशार्ता है। इसी क्रम में एमयूएनपीएल के मुख्य वित्तीय अधिकारी अंशु बरुआ ने कहा कि बेहतर क्रेडिट रेटिंग हमारी मजबूत वित्तीय स्थिति को दिखाती है, जो स्थिर नकदी प्रवाह, जिम्मेदार तरीके से कर्ज कम करने और बेहतर संचालन के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि यह रेटिंग सुधार एमयूएनपीएल की दीर्घकालिक प्रगति और वित्तीय मजबूती के प्रति निवेशकों, ऋणदाताओं और अन्य हितधारकों के विश्वास को बढ़ाएगा।

## डीजल-पेट्रोल व गैस की कालाबाजारी रोकने को टीम गठित

**प्रयागराज।** पश्चिम एशिया के वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत डीजल-पेट्रोल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की सुलभ उपलब्धता बनाए रखने तथा जमाखोरी अथवा कालाबाजारी पर सतत निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर डीएसओ सुनील कुमार सिंह ने अधिकारियों की तीन टीमें गठित की है। चेतावनी दी गई है कि जमाखोरी अथवा कालाबाजारी पकड़े जाने पर लाइसेंस निरस्त कर मुकदमा तक दर्ज कराया जा सकता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल विलेख दिनांक 24-03-2003, जिसका आराजी संख्या 573, पुस्तक संख्या-1, जिल्द 3774, पृष्ठ 163/172, संख्या 3238 अंकित है। सचमुच खो गया। **नामः अनीता साह पत्नीः बसंत साह पताः 83एल/1के/क्यू/पी हरवारा, धूमनगंज, प्रयागराज-211011**

# सड़क हादसे में दो ब्लाककर्मी की दर्दनाक मौत

## ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि गंभीर रूप से घायल लखनऊ के मेदांता में चल रहा इलाज

अखंड भारत संदेश

**बेलखरनाथ धाम।** बारात से घर लौटते समय अचानक आवारा मवेशी को बचाने के चक्कर में कार और स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि गंभीर रूप से घायल हो गए।

विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह के बेटे की शादी कुंडा थाना में शामिल होने गए दो कंधई थाना क्षेत्र के पूरे पांडे गांव निवासी ग्राम प्रधान राजेश कुमार सरोज (50) दिलीपपुर थाना क्षेत्र के खूंझी कला गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि प्रभाकर सिंह (42) ब्लाक कर्मचारी दिलीपपुर थाना क्षेत्र खूंझी कला गांव निवासी सर्वेश कुमार (30) तथा कंधई के बिबियाकरन पुर गांव निवासी राजमणि तिवारी उर्फ राजू तिवारी बुधवार शाम ब्रेजा कार से कुंडा में शादी में शामिल होने गए थे। घर लौटते समय रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे बाघराय थाना क्षेत्र के छेऊंगा गांव के समीप सड़क पर अचानक आवारा मवेशी आ गया।जिसे बचाने के लिए चालक ग्राम प्रधान राजेश सरोज की कार अनियंत्रित हो गई उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो ब्रेजा कार में बगल से टक्कर मार दी टक्कर लगने की वजह से कार 15 फीट गड्ढे में जा गिरी और पेड़ से टकरा गई। जिसमें पीछे सीट पर बैठे राजमणि उर्फ राजू तिवारी तथा सर्वेश कुमार की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं साथ रहें ग्राम प्रधान राजेश व प्रधान प्रतिनिधि प्रभाकर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।इस दौरान स्कॉर्पियो चालक तथा उसमें बैठे लोग मौके से फरार हो गए। घायल प्रभाकर सिंह मोबाइल से अपने बड़े भाई सुधाकर सिंह व बाघराय पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ब्रेजा कर में फंसे दोनों मृतकों व घायलों को शीशा तोड़कर बाहर निकला। और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।बाद में डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज से दोनों घायल हो लखनऊ के मेदांता भेजा जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों मृतकों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।





### मृतक ब्लाक कर्मियों के घर मचा कोहराम

मृतक राजमणि उर्फ राजू तिवारी तीन भाइयों व दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। उसकी शादी 15 साल पहले राजगढ़ में हुई थी पर कोई संतान नहीं है। पिता राम बोध तिवारी सहकारी समिति खूंझी कला के सचिव है। दूसरे ब्लाक कर्मी सर्वेश कुमार पांच भाईयों व दो बहनों में सबसे छोटा था उसके दो जुड़वां बेटे निक्कू व विक्कू है, पत्नी सोना का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मौत के मुंह में समाए दोनों ब्लाक कर्मियों के घर सूचना मिलने पर कोहराम मच गया है।

# डॉ. सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 'क्रेनिया 2026' महोत्सव का शुभारंभ

**प्रतापगढ़।** डॉ. सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव क्रेनिया 2026 का आज भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश चतुर्वेदी द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिव्या मिश्रा ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्वक आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन समारोह में कॉलेज के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरूआत सरस्वती वंदना ग्रुप द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात विश्वासनी चैधरी (बैच 2023) ने अपनी मधुर आवाज में गीत प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसी क्रम में प्रतिष्ठा श्रीवास्तव (बैच 2023) ने नृत्य प्रस्तुति दी, जिसके बाद छात्रों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत प्राचार्य डॉ. राजेश चतुर्वेदी एवं मुख्य अतिथि डॉ. दिव्या मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। इसके बाद पुलिस लाइन स्टेडियम में फैकल्टी क्रिकेट मैच आयोजित किए गए। इन मैचों में डॉ. मयंक, डॉ. आलोक, डॉ. सुदीप, डॉ. अतुल सहित अन्य फैकल्टी सदस्य शामिल हुए। इस दौरान प्राचार्य डॉ. राजेश चतुर्वेदी, उप-प्राचार्य डॉ. रश्मि यादव, डॉ. दीपिका पांडेय, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. राकेश चैरसिया, डॉ. अग्नि सरोज तथा डॉ. मोना सक्सेना भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में बताया गया कि 11 मार्च की शाम आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अभय पचैरी (बैच 2024) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अथर्व गुप्ता (बैच 2024) द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि स्वस्तिक द्विवेदी (बैच 2023) ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# ईदगाह स्थल पर अवैध निर्माण के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** नगर के रायपुर रोड स्थित ईदगाह स्थल पर कथित अवैध निर्माण के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा ने आरोप लगाया कि ग्राम समाज की जमीन पर निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले भी 7 दिसम्बर को प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस पर निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई थी। कार्यकताओं का कहना है कि 11 मार्च को कुछ लोगों द्वारा विवादित स्थल पर चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था, जिसे संगठन के हस्तक्षेप से रुकवाया गया। उन्होंने राजस्व टीम से पैमाइश कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान जिला मंत्री मनीष रावत, अंबिकेश तिवारी, हर्ष प्रताप सिंह, प्रिन्स बरनवाल, रजनीश सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।मामले में उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्रा ने थाना प्रभारी पट्टी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# घर से भागे प्रेमी युगल को परिजनों ने बस में दबोचा

**पट्टी।** पड़ोसी जनपद जौनपुर के महाराजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को सलाहपुर इलाके के एक युवक द्वारा कथित रूप से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। युवती के परिजनों को जानकारी मिलने पर उन्होंने खोजबीन शुरू की और गुरुवार सुबह जिला मुख्यालय जाने वाली बस में दोनों को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि जब परिजनों ने प्रेमी युगल को बस से उतारा तो बाजार में कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और मामला तूल पकड़ने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। युवती के परिजनों का कहना है कि इस मामले में दो दिन पहले ही महाराजगंज थाने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और युवती के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने गैस एजेन्सी व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ की बैठक

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई, पेट्रोल बोतल में बेचने पर भी रोक-डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गुरुवार को अपने कैम्प कार्यालय के सभागार में गैस एजेंसी संचालकों और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी भी एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एजेंसी संचालकों से पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने को कहा। बैठक के दौरान गैस एजेंसी मालिकों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। हालांकि, गैस बुकिंग से जुड़ा मोबाइल एप सही तरीके से कार्य नहीं कर रहा है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को भी कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को बोतल या जेरिकैन में पेट्रोल की बिक्री किसी भी परिस्थिति में न की जाए। उन्होंने कहा कि इस नियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी, सेल्स ऑफिसर आईओसीएल सत्यम सिंह, सेल्स ऑफिसर आईओसीएल पेट्रोल गौरव जायसवाल, भारत पेट्रोलियम के सत्यम सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पंकज सिंह, पूर्ति निरीक्षक सदर राजीव सिंह, कुमार इंडियन वितरक अठेहा ओम प्रकाश पांडेय, नागेश्वर इंडियन वितरक रमेश सिंह, लालता ग्रामीण वितरण अजय सिंह, शंकर साईं वितरक राजेश तिवारी, गोकुल आटोमोबाइल्स के राजेश सिंह, जगवन्ती आटोमोबाइल्स के देवव्रत मिश्रा, मनगढ़ आईओसीएल के गौरव जायसवाल, अम्बिका शंकर आटोमोबाइल्स विश्वनाथगंज के हर्षवर्धन सिंह, मनगढ़ बीपीसीएल के सत्यम सिंह, शुक्ला आटोमोबाइल्स चिलबिला के धर्मेन्द्र शुक्ला, राजापाल आटोमोबाइल्स के संदीप कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं एजेंसी संचालक उपस्थित रहे।



# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों के कब्जे से फर्जी नंबर प्लेट लगी एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार वादी निवासी ग्राम कोटिया थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर अपने रिश्तेदार के घर ग्राम धरौली थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र में आए हुए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल घर के सामने खड़ी की थी, जिसे रात में अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। मामले में थाना आसपुर देवसरा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा राकेश कुमार चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। उपनिरीक्षक सचिन कुमार, उपनिरीक्षक शिवम त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल पवन नायक व कांस्टेबल रंजीत कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर विझाला नहर पुलिया के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में आर्यन सरोज (19) पुत्र राजबहादुर सरोज निवासी गद्दोपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर तथा आलोक यादव (20) पुत्र राजकुमार यादव निवासी रुपनपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि 9 मार्च 2026 की रात उन्होंने धरौली गांव से मोटरसाइकिल चोरी की थी। पहचान छिपाने के लिए बाइक का चेचिस नंबर रगड़कर मिटा दिया और उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगा दी थी। फर्जी कागजात बनवाकर मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही गिरफ्तार कर लिया।




# जयपुर की धरा पर राजा भैया का समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** कुँवर रघुराज प्रताप सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसत्ता दल लोकतांत्रिक एवं कुंडा विधायक का जयपुर की पावन धरा पर समर्थकों ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ जोरदार स्वागत किया। जयपुर से लखनऊ लौटते समय आगरा रोड पर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और गगनभेदी नारों के बीच अपने लोकप्रिय नेता का अभिनंदन कर राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया।

राजा भैया के आगमन की सूचना मिलते ही समर्थकों की भीड़ आगरा रोड पर उमड़ पड़ी। जैसे ही उनका काफिला वहां पहुंचा, पूरा इलाका ॡराजा भैया जिंदाबादॾ के नारों से गूंज उठा। समर्थकों ने फूलों की वर्षा कर अपने नेता के प्रति अटूट निष्ठा और विश्वास व्यक्त किया। स्वागत के दौरान कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जिससे कार्यक्रम एक शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी नजर आया। इस अवसर पर पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाज के तहत राजा भैया को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रभु श्रीराम की प्रतिमा और प्रतीकात्मक तलवार भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान मौजूद समर्थकों ने कहा कि राजा भैया का नेतृत्व जनता के स्वाभिमान और सम्मान की आवाज है। राजा भैया ने भी समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि जनता का प्रेम और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, और वे सदैव जनता के सम्मान, अधिकार और विकास के लिए संघर्ष करते रहेंगे। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से बद्री सिंह बन्ना, हनुमान सिंह, सूरज शर्मा, संतोष त्रिपाठी, पवन त्रिपाठी, सुमित खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह जानकारी पार्टी के मीडिया प्रभारी विनोद पटेल ने दी।



# मुख्यमंत्री के आदेश पर चकमार्ग से हटा अवैध कब्जा

## तहसील प्रशासन व पुलिस बल ने हटवाया अवैध कब्जा

रवींद्र मिश्रा

**बेलखरनाथ धाम।** मुख्यमंत्री के आदेश पर चक मार्ग से अवैध कब्जा हटाया गया। इस दौरान तहसील प्रशासन व पुलिस बल मौजूद रही।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार निवासी रंजीत मौर्य पुत्र राजाराम ने तहसील प्रशासन से पूर्व में शिकायत किया कि पड़ोसी पंकज मौर्य पुत्र राम शिरोमणि मौर्य चकमार्ग पर अवैध कब्जा किया है। जिसकी जांच हुई। हालांकि पंकज मौर्य ने चक मार्ग की जमीन के एवज में बगल से अपने खेत में रास्ते के लिए जमीन दिया था, लेकिन इस मामले को लेकर रंजीत मौर्य धारा 67 के तहत एक मुकदमा तहसील में दर्ज कराया। जिसमें रंजीत मौर्य के पक्ष में आदेश हुआ लेकिन चक मार्ग से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया।इस को लेकर रंजीत मौर्य ने मुख्यमंत्री से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने तहसील प्रशासन को अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया जिस पर गुरुवार को नायब तहसीलदार पट्टी कृपा शंकर यादव व हल्का लेखपाल दीनानाथ वर्मा तथा पूरे धना चैकी इंचार्ज कमलेश कुमार यादव को मौके पर पहुंचे और चक मार्ग पर बने दो कमरे टीन सेट तथा बाउंड्री को हटवा दिया।इस दौरान बाजार में हड़कंप मचा रहा।



# समारोहपूर्वक एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

**लालगंज।** नगर स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय अझारा लालगंज में गुरूवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का समारोहपूर्वक आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री एवं महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में शिविरार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक कार्यक्रम नहीं बल्कि यह युवाओं को समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। अध्यक्षता कर रहे संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र ने शिविरार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने बताया कि सात दिवसीय शिविर का आयोजन खजुरी ग्राम पंचायत में किया गया है। उन्होने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महाविद्यालय के संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, प्रबन्धक सुनीता मिश्रा, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा, सीमा मिश्रा ने कहा कि एनएसएस शिविर युवाओं में सामाजिक चेतना व राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। प्राचार्य डॉ0 पूनम त्रिपाठी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 लक्ष्मीकांत तिवारी ने किया। इस मौके पर राहुल सिंह, डॉ0 रेखा पाण्डेय, डॉ0 शालिनी शुक्ला, डॉ0 अरविन्द शर्मा, रामचंद्र पाण्डेय, ऋषिकेश पाण्डेय, रामकृष्ण शुक्ल, शिखा तिवारी, सरिता तिवारी, आलोक सोनकर, दयाशंकर मिश्र, राघवेंद्र पाण्डेय, हृदय पाण्डेय, संतोष शुक्ला, विनोद पाण्डेय, कमलेश विश्वकर्मा, शुभम श्रीवास्तव, सुशील शुक्ल, धर्मेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।



# न्यूज झरोखा

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के क्रम में जनपद न्यायालय के साथ-साथ सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है, जिसके संदर्भ में जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय ने राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 के संदर्भ में प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय के साथ-साथ वाह्या न्यायालय कुंडा, लालगंज एवं सभी राजस्व व अन्य न्यायालयों में होने जा रहा है, जिसमें लोग अपने वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर करा सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिला जज अजय कुमार, अपर जिला जजध्विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी हेमंत कुमार, अपर जिला जजध्नोडल अधिकारी लोक अदालत अंकिता दुबे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी द्वितीय सहित न्यायिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा कैंप आयोजित कर किया गया पंजीकरण



**पट्टी।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा लाइसेंस पंजीकरण के लिए विशेष कैंप एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर के व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने और उन्हें लाइसेंस एवं पंजीकरण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। व्यापार मंडल के सहयोग से आयोजित इस कैंप में नगर के करीब 45 व्यापारियों ने दोपहर 1 बजे तक अपना पंजीकरण कराया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा से जुड़े नियमों, लाइसेंस की अनिवार्यता और स्वच्छता मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ अजय कुमार तिवारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव मौजूद रहे। वहीं व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम जी उमर वैश्य, महामंत्री घनश्याम घायल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दिया और व्यापारियों को पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया।अधिकारियों ने बताया कि ऐसे जागरूकता शिविरों का उद्देश्य अधिक से अधिक व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नियमानुसार लाइसेंस व पंजीकरण की प्रक्रिया से जोड़ना है, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

## अवसान माता का पूजन कर महिलाओं ने की मंगलकामना



**लालगंज।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग स्थित उमापुर मोड़ पर गुरूवार को महिला सशक्तीकरण सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं ने प्रतिभाग किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व सुनीता मिश्रा के संयुक्त आयोजन में अवसान माता पूजन महोत्सव भी विधिविधान से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए सशक्त महिला सम्मान भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शामिल सुहागिन महिलाओं ने वैदिक मंत्रोचार के बीच अवसान माता का पूजन किया और जयकारे लगाये। महिलाओं ने अवसान माता की कथा सुनाकर परिवार व देश के सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का संयोजन पुष्पा मिश्रा व नीलम तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे स्वामी योगेश्वराचार्य महराज ने महिलाओं को देवीपूजन का महात्म्य बताया। कार्यक्रम का संचालन आरती तिवारी ने किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सीमा शुक्ला, सुभद्रा मिश्रा, रेनू तिवारी, सुमन दुबे, उषा पाण्डेय, गायत्री यादव, मीना मिश्रा, सोनी मिश्रा, संगीता मिश्रा, गायत्री पाण्डेय, पप्पू तिवारी, राजकुमार मिश्र, मनीष मिश्र, दिनेश सिंह, अंजनी अमोघ, ज्ञानप्रकाश तिवारी, आचार्य पदमनाभ, शानु तिवारी, ममता द्विवेदी, अतुल मिश्र, सोनू मिश्र आदि रहे।

## कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर



**लालगंज।** नगर के पूरे स्वामी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा व झांकी पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास स्वामी योगेश्वराचार्य महराज ने बुधवार की शाम भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि जब जब धरती पर पाप बढ़ता है तब ईश्वर का प्राकाट्य होता है। परमात्मा पृथ्वी पर मनुष्य रूप में जन्म लेकर पापियों का संहार करते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। वहीं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर मनमोहक झांकी निकाली गयी। महिलाओं ने हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की..., नंद घर बाजे बधाई..., जैसे भजनों से वातावरण को और भक्तिमय कर दिया। कथाव्यास ने जन्मोत्सव को लेकर सुमधुर भजनों से भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य आयोजक रमाकांत मिश्र व द्रोपदी मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी की आरती उतारी एवं व्यासपीठ का पूजन किया। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार मिश्र, मनीष मिश्र समेत श्रद्धालुजन जन्मोत्सव पर भगवान की भक्ति में मगन नजर आये। इस मौके पर नपं अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, आचार्य उमाशंकर मिश्र, पप्पू तिवारी, देशधर अनुरागी, डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, केशवदत्त पाण्डेय, अतुल शुक्ला, श्रीकांत मिश्र, आचार्य राजेश मिश्र, कमलकृष्ण अनुरागी, राहुल मिश्र, शिवशंकर मिश्र, अरूण मिश्र, सुशील मिश्र, अमित, सुमित, गंगेश्वर, निखिल, विनायक, आशीष कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने दुष्कर्म के आरोप को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। गांव की पीड़िता ने गुरूवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव का एक युवक छः माह पूर्व फोन करके उसे मिलने के लिए बुलाया। पीड़िता के मना करने पर आरोपी ने परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी तो डर वश पीड़िता मिलने चली गयी। आरोप है कि आरोपी ने उसे धमकाते हुए उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की पुनः धमकी दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी से गबन की हुई शिकायत

**प्रतापगढ़।** इलाके के मवैया कला ग्राम सभा में आए दिन धांधली और लाखों रुपए के गबन की शिकायत अधिकारियों से हो रही है। बुधवार को भी इसकी शिकायत डीएम से की गई तो तुरंत ही मामले की जांच खंड विकास अधिकारी को दी गई। संडवा चंडिका ब्लॉक के मवैया कला ग्राम सभा में करीब दस पंद्रह साल पहले बने खंडहरनुमा कमरे को पंचायत भवन दिखाकर ग्राम प्रधान ने लाखों का गबन करते हुए भुगतान करा लिया है। गांव के प्रमोद कुमार पांडेय ने डीएम से इसकी शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि पंचायत भवन के कायाकल्प और मरम्मत के नाम पर 1 लाख 85 हजार रुपए निकाला गया है। जबकि न तो कमरा प्लास्टर हुआ न ही खिड़की, दरवाजा लगाया गया। ग्राम सभा में शौचालय, सीमेंट बेंच, नाली, खडंजा, एलईडी लाइट समेत कई चीजों में भी जमकर धांधली करते हुए गबन किया गया है। भ्रष्टाचार का आरोप सही पाए जाने पर रिकवरी भी हो सकती है। इसी तरह पहले भी गांव के कई लोगों ने प्रधान के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं।

## बैठक 20 मार्च को

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र पंचायत समिति विकास खण्ड कालाकांकर की बैठक 20 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे विकास खण्ड कालाकांकर के सभागार में प्रमुख क्षेत्र पंचायत कालाकांकर की अध्यक्षता में आहूत की गयी है जिसमें स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, सिंचाईध्नलकूप विभागध्मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना आदि विषयों पर विचार किया जायेगा।

# छूटे हुए लाभार्थियों को सभी योजनाओं से शीघ्र किया जाए लाभान्वित : सीडीओ

## मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल लगाकर, सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने गुरुवार को गॉव की समस्या गॉव में समाधान के अन्तर्गत विकास खण्ड कौशाम्बी की ग्राम-हकीमपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने वाली पेंशन शौचालय का लाभ मिलने वाले राशन कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से पूॅछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं,जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं।मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम में गठित स्वयं सहायता समूहों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि और महिलाओं को स्वयं सहातया समूह से जोड़ा जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से गांव के सबसे नजदीक स्थित सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की,जिस पर ग्रामवासियों ने बताया कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए सर्वे में ग्राम में 119 लोग पात्र पाए गए हैं, जिनको शीघ्र ही लाभान्वित किया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया तथा आयुष्मान भारत योजना के लाभाथियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने ऑगनबाड़ी केन्द्र हाकिमपुर का निरीक्षण कर वहॉ की व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए कहा कि बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। उन्होंने आर.आर.सी. सेन्टर का भ्रमण कर खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।ग्राम चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम में 144 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन, 12 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेशन एवं 40 निराश्रित महिलाओं को पेंशन मिल रहा है। अन्य विभिन्न योजनाओं से छूटे हुए लोगों की सूची तैयार कर ली गई है, सत्यापन के पश्चात पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि ग्राम में आंशिक रूप से जलापूर्ति हो रहीं है। आगामी 02 माह के अन्दर ग्राम में पूर्ण क्षमता के साथ जलापूर्ति शुरू करा दिया जाएगा।





## न्यूज झरोखा

### बाइक सवार को आइसर वाहन ने मारी टक्कर बाइक सवार घायल



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी अंतर्गत बलिहावा पेट्रोल टंकी के सामने बाइक सवार को आइसर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया और घायल हो गया स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भती कराया जहां घायल का इलाज चल रहा है जानकारी मिलने पर मौके पर स्थानीय पुलिस ने पहुंच कर वाहन को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार केशराज उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र मसुरिया दीन निवासी बिदनपुर गुरुवार समय लगभग छःबजे शाम अपने रिश्तेदारी सैय्यद सरांवा से वापस बाइक से घर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मूरतगंज के बलिहावा पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तेजरफ्तार आइसर वाहन नम्बर ४स्त्र 702252 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया और घायल हो गया दुर्घटना देख कर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल को भती कराया जहां इलाज जारी है दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मूरतगंज चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन को कब्जे में लेकर उचित कानूनी प्रक्रिया जारी कर दिया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय विद्यालय की 10 शिक्षिकाएं सम्मानित



**महेवा घाट कौशांबी।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जनपद कौशाम्बी के राजकीय विद्यालयों की 10 शिक्षिकाओं को जिला विद्यालय निरीक्षक व सह जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उत्कृष्ट सेवा हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया सम्मानित की गयी शिक्षिकाओं में श्रद्धा द्विवेदी प्रतिमा सिंह,पुष्पा चौधरी पारुल,कविता सिंह,प्रतिया दिवाकर,दीपमाला आराधना मिश्रा एवं श्रीमती प्रतिमा सिंह शामिल है इन शिक्षिकाओं के बेहतर कार्यों पर जिला विद्यालय निरीक्षक में इन 10 शिक्षिकाओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

### 13 मार्च से 12 जून 2026 तक 3 महीने कौशांबी जिले के संपूर्ण क्षेत्र में लगी धारा 163

**कौशांबी।** आगामी त्यौहार पर्व को देखते हुए शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट कौशांबी में कौशांबी जिले के संपूर्ण सीमा क्षेत्र में दिनांक 13 मार्च 2026 से 12 जून 2026 तक 3 महीने के लिए धारा 163 लागू कर दिया है धारा 163 लागू किए जाने के बाद धरना प्रदर्शन आंदोलन आदि पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा किसी भी स्थान पर पांच व्यक्ति या पांच व्यक्ति से अधिक एक साथ एकत्रित नहीं होंगे इस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा धारदार हथियार लाठी डंडा बल्लम अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है हालांकि रोगियों बीमार व्यक्तियों पर यह नियम लागू नहीं होगा सामाजिक सामंजस्य को बिगाड़ देने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर कठोर कारर्वाई किए जाने का निर्देश जिला मजिस्ट्रेट ने दिया है भड़काऊ भाषण सोशल मीडिया फेसबुक ट्विटर व्हाट्सएप्प पर भड़काऊ पोस्ट पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है।

# टप्पेबाजी धोखाधड़ी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**सैनी कोतवाली पुलिस वा एसओजी पुलिस टीम ने टप्पेबाजी धोखाधड़ी के 20,000 रुपए किए बरामद**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में बैंक के बाहर लोगों को झांसा देकर अखबारी कागज की गड्डी देकर पैसे ठगने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है।पुलिस टीम ने सीसीटीवी व सविर्लांस की मदद से 03 अभियुक्तों राजा सोनकर दिपू उर्फ साजन सोनकर व वीरेन्द्र को गिरफ्तार किया है।अभियुक्तों के कब्जे से 20,000 नकद बरामद हुआ है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बैंक में आने वाले कम पढ़े-लिखे बुजुर्ग लोगों को विश्वास में लेकर उनके पैसे लेकर नकली गड्डी थमा देते थे अभियुक्तो द्वारा दिनांक 24.02.2026 को थाना सैनी अन्तर्गत बैंक ऑफ बडौदा सिराथू रोड़ से पैसे निकाल कर आ रहे एक व्यक्ति से 25000/- रू0 की धोखाधड़ी की गई दिनांक 09.03.2026 को थाना सैनी अन्तर्गत बैंक से पैसे निकलकर आ रही एक महिला से 14000 /- रू0 की धोखाधड़ी तथा दिनांक 01.03.2026 को जनपद बांदा में नरैनी के इलाहाबाद बैंक से एक व्यक्ति से 29,000 रू0 की धोखाधड़ी की गयी थी अभियुक्त राजा सोनकर के विरुद्ध प्रदेश के विभिन्न थानों में चोरी लूट नकबजनी धोखाधड़ी गैगेस्टर आर्म्स एक्ट के कुल 19 अभियोग पंजीकृत है अभियुक्त दिपू सोनकर के विरुद्ध प्रदेश के विभिन्न थानों में चोरी,लूट,गैगेस्टर एक्ट व आबकारी के कुल 16 अभियोग पंजीकृत है अभियुक्त वीरेन्द्र के विरुद्ध प्रदेश के विभिन्न थानों में लूट,आर्म्स एक्ट एनडीपीएस,टप्पेबाजी,चोरी के कुल 06 अभियोग पंजीकृत है।

# भैंस को पानी पिलाने गई किशोरी की गहरे पानी में डूबकर मौत

## बालिका की मौत के बाद पूरे परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गांव में भैंस को पानी पिलाने गई एक किशोरी की गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार तरसौरा गांव निवासी सुरेश खेती-किसानी व मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गुरुवार को वह अपनी पत्नी शम्मी देवी के साथ खेत में काम करने गए थे।उनके साथ 15 वषीय पुत्री रुचि और पांच वषीय बेटा कार्तिक भी खेत में मौजूद थे। करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सुरेश ने दोनों बच्चों से कहा कि घर जाकर खाना खा लो और भैंस को पानी पिला देना।दोनों बच्चे घर पहुंचे तो दादी सावित्री देवी ने पहले खाना खाने को कहा, लेकिन रुचि ने कहा कि पहले भैंस को पानी पिला देती हूं। इसके बाद वह छोटे भाई कार्तिक के साथ भैंस लेकर गांव के किनारे गंगा के बाढ़ के पानी से भरे गड्ढे (सोता) पर चली गई। भैंस को पानी पिलाते समय अचानक किशोरी का पैर फिसल गया और वह गंगा नदी के बाढ़ के पानी से भरे गड्ढे (सोता) के गहरे पानी में चली गई, जिससे किशोरी डूब गई।यह देख बाहर खड़ा कार्तिक भाई जोर-जोर से बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगा, लेकिन आसपास कोई नहीं था। वह दौड़कर घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी में खोजबीन शुरू की। करीब आधे घंटे बाद रुचि को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।रुचि अपने भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। परिवार में उसके बाद शनि उम्र 13 वर्ष लकी उम्र 12 वर्ष सुहानी उम्र 10 वर्ष खुशी उम्र 7 वर्ष और सबसे छोटा भाई कार्तिक उम्र 5 वर्ष का रो रो कर हाल बेहाल है। घटना के समय रुचि और कार्तिक खेत से घर आए थे,जबकि अन्य बच्चे गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने गए हुए थे। बताया जाता है कि रुचि ने पिछले वर्ष कक्षा आठ पास की थी, लेकिन इस वर्ष उसका किसी विद्यालय में नामांकन नहीं कराया गया था, जबकि छोटा भाई कार्तिक अभी पांच वर्ष का होने के कारण स्कूल नहीं जाता था।सूचना मिलने पर खेत में काम कर रहे माता-पिता भी मौके पर पहुंच गए। बेटी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चरवा सैनी मंझनपुर कोखराज संदीपन घाट कड़ा धाम थाना छोड़कर भैंस चोर पहुंचे कौशांबी थाना

**आखिर थाना पुलिस और भैंस चोर गिरोह के बीच का खेल कब तक चलता रहेगा**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** भैंस चोर गिरोह के सदस्यों का पूरे जिले में आतंक मचा हुआ है कभी इस थाना क्षेत्र से गिरोह के सदस्य आधी रात को पशुपालकों की भैंस को ले जाते हैं तो कभी उस थाना क्षेत्र से गिरोह के सदस्य आधी रात को भैंस खोल ले जाते हैं एक भैंस की कीमत इस समय 80 हजार से लेकर एक लाख तक है भैंस चोरी के बाद पशुपालक परेशान हो जाते हैं थाना में सूचना देते हैं पुलिस केवल लकीर पिटती रह जाती है और भैंस चोर घटनाओं को अंजाम देते रह जाते हैं आखिर थाना पुलिस और भैंस चोर गिरोह के बीच का खेल कब तक चलता रहेगा भैंस चोरी की घटनाओं से पशुपालकों को कब निजात मिलेगी बीते 3 महीने के बीच चरवा सैनी मंझनपुर कोखराज संदीपन घाट कड़ा धाम थाना क्षेत्र में कई दर्जन भैंस चोरी की घटनाओं को गिरोह के सदस्य अंजाम दे चुके हैं खुलासे के नाम पर केवल एक घटना मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने खुलासा किया है अन्य घटनाओं का अभी खुलासा नहीं हुआ है। कौशांबी थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी गुरौली के अंतर्गत जानवरों की चोरी करने वाला गिरोह बीते तीन वर्ष से सक्रिय है गुरौली पुलिस चौकी अंतर्गत 3 वर्ष पहले दाई का पूरा में सूबेदार पाल की भैंस चोरी हो गई इसी गांव में वीरेंद्र द्विवेदी की भैंस एक वर्ष पहले चोरी हो गई दुल्ली सेन मुड़िया डोली की भैंस अभी 2 माह पहले चोरी हो गई है लेकिन किसी भी घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है अभी हाल में दिनांक 11/03/2026 को दाई का पूरा गांव के शिवाकांत पासी के दो डांगर चोर गिरोह उठा ले गए किसी भी घटना का खुलासा अभी तक नहीं हुआ इसलिए भैंस चोर गिरोह के सदस्य बेखौफ होकर के आए दिन पशुओं की चोरी कर रहे है लगातार पशु की चोरी होने से पूरे जिले के पशुपालको में भय व्याप्त हो गया है जबकि भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में करारी थाना क्षेत्र के एक गांव के बदनाम लोग इस धंधे में 4 दशक पहले शामिल हुए थे इस गिरोह में अन्य गांव के लोग भी शामिल हो चुके हैं पशु चोरी के मामले में करारी थाना क्षेत्र के इस गांव के लोग गैंग के सरगना है और आए दिन घटनाओं को अंजाम देते हैं इस गांव के लोग घूम घूम कर भैंस चोरों की घटनाएं पूरे जिले में अंजाम देते है लेकिन भैंस चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को थाना पुलिस खोज नहीं पा रही है।

# अनियंत्रित ऑटो ने बाइक और साइकिल में मारी टक्कर, चार लोग गंभीर घायल

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के मधवा माई गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो चालक ने सड़क पर जा रहे साइकिल सवार दो लोगों को पहले जोरदार टक्कर मारा जिससे साइकिल सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर घायल हो गए और उसके बाद ऑटो चालक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार भी सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए हैं साइकिल और बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित ऑटो चालक सड़क किनारे गड्ढे में चला गया है जिससे ऑटो में बैठी सवारियां भी जख्मी हो गई है हालांकि सवारियों को गंभीर चोट नहीं आई है इस घटना में बाइक और साइकिल सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए हैं दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे बचाव एवं राहत कार्य में जुट गए मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेज दिया है पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटी है अधिक कमाई के चक्कर में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठा कर ऑटो चालक निर्धारित गति से अधिक तेज सड़क पर वाहनों को दौड़ाते हैं दूसरे ऑटो से पहले अड्डे पर पहुंचकर पहले नंबर लगाने के चक्कर में ऑटो चालक अनियंत्रित चलते हैं जिससे दुर्घटनाएं होती है और आए दिन ऑटो चालकों की लापरवाही के चलते सड़क में दुर्घटनाएं हो रही है लेकिन ऑटो चालकों के तेज गति और ओवरलोड सवारी पर नियंत्रण पुलिस नहीं लगा पा रही है निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाए जाने से वाहन में लोड अधिक बढ़ जाता है जिससे आपातकालीन स्थिति में ऑटो को चालक नियंत्रित नहीं कर पाते हैं जो दुर्घटना का कारण बन रहा है।

# आर्य समाज अझुवा के द्वारा त्रिदिवसीय जलसे का आयोजन

## शताब्दी समारोह में राम कथा का आयोजन भी आर्य समाज द्वारा आयोजित किया गया

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी** आर्य समाज अझुवा के द्वारा त्रिदिवसीय जलसे का आयोजन किया जा रहा है शताब्दी समारोह के इस आयोजन में राम कथा का आयोजन भी आर्य समाज द्वारा आयोजित किया गया है जिसमे भक्तों की भारी भीड़ उपस्थित हो रही है 12 मार्च 13 मार्च और 14 मार्च को आयोजित इस कार्यक्रम में आर्य समाज के विद्वान और भजन उपदेशक भी शामिल हुए हैं जो आर्य समाज के बारे में लोगों को विस्तार से बता रहे हैं जिसे सुनने के लिए जन सैलाब उमड़ रहा है जलसा आयोजन के प्रथम दिवस के अवसर पर गुरुवार को सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में अझुवा के सब्जी मंडी में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक प्रभात फेरी नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई। और पूरे नगर में आर्य समाज का कीर्तन भजन किया गया उसके बाद शाम 3 बजे से 6 बजे शाम तक भजन प्रवचन उपदेश एवं हवन का आयोजन आर्य समाज के विद्वानों द्वारा किया गया है भजन आयोजन में पंडित अशफी लाल शास्त्री गुरुकुल महाविद्यालय सिराथू पंडित नेम प्रकाश आर्य लखनऊ ओम व्रत शास्त्री हापुड़ अनिल शास्त्री मेरठ ने भजन और उपदेश देकर आर्य समाज के सिद्धांतों के बारे में उपस्थित लोगों को बताया है इस कार्यक्रम में भी नगर के सैकड़ो लोग शामिल हुए कार्यक्रम आयोजन में संरक्षक सोम मुनि आर्य पंचम लाल आर्य राम प्रसाद आर्य डॉक्टर रमेश चंद्र प्रधानाचार्य कपूर चंद्र आर्य विजय कुमार आर्य राकेश चंद्र आर्य वेद प्रकाश आर्य ज्ञान प्रकाश आर्य सतीश कुमार आर्य पंकज कुमार आर्य सौरभ कुमार आर्य ज्ञान देव आर्य रमेश प्रसाद आर्य सोमदेव आर्य शिव प्रकाश आर्य संतोष कुमार अग्रहरि विवेक चंद्र आर्य सुमित कुमार आर्य दशरथ लाल आर्य राकेश कुमार आर्य पूजा आर्य लवी आर्य सुनीता आर्य किरन देवी टंडन मधु जायसवाल सहित आर्य समाज के तमाम सदस्य गण नगर वासी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# एक बहन से आधी जमीन खरीद कर दूसरी बहन की जमीन पर भी दबंग कर रहा है जबरिया कब्जा

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा निवासी बृजरानी पत्नी सीताराम अग्रहरि वतर्मान में चित्रकूट जनपद के राजपुर कस्बे में रहती हैं उनके पिता नत्थू लाल ने बृजरानी को 9 फीट चौड़ा 50 फीट लंबा मकान 1985 में विक्रय किया था जिस पर वह काबिज थी माता पिता के मरने के बाद 3 फीट चौड़ा 50 फीट लंबा जमीन भी पिता की सेवा करने के बदले में बृजरानी को मिल गया नत्थू लाल की दो बेटियां थी नाथू लाल ने अपनी दूसरी बेटी फूलमती को शाखा बारीपुर में खेत बाग़ मकान व अन्य जमीन दे दिया था कुछ दिन बाद फूलमती ने दबाव डालकर बृजरानी से पिता की आधी संपत्ति बंटवारे के नाम पर बैनामा करवा लिया और अपनी बेटी गुड़िया देवी पत्नी मन्नू निवासी बिहारवा नैनी चित्रकूट को इस संपत्ति को बैनामा कर दिया उसके कुछ दिन बाद गुड़िया देवी ने अपने नाना की जमीन को मिथिलेश कुमारी पत्नी गोवर्धन व उनके पति गोवर्धन के नाम विक्रय करके पैसा लेकर के चली गई आधी जमीन खरीदने के बाद मिथिलेश कुमारी व उनके पति गोवर्धन अब बृजरानी केबचे हुए आधे हिस्से की जमीन मकान पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं विरोध करने पर मारपीट लड़ाई झगड़ा करते हैं बृजरानी के हिस्से के मकान को गोवर्धन आदि लोगों ने बिना अधिकार तोड़ दिया है जिससे बृजरानी का मकान ध्वस्त होने के कगार पर है बृजरानी को अपने पिता से मिले संपत्ति को गोवर्धन व उसकी पत्नी मिथलेश कुमारी दबाव बनाकर प्रताड़ित कर कम कीमत पर खरीदना चाहते हैं जिसे बेचने के लिए बृजरानी तैयार नहीं है जिससे गोवर्धन और उनकी पत्नी मिथलेश कुमारी आए दिन विवाद कर रहे हैं गोवर्धन और उसके लोगों की दबंगई से बृजरानी परेशान प्रताड़ित है बृजरानी ने 12 मार्च 2026 को मामले की सूचना अपर जिला अधिकारी को दिया है बृजरानी की शिकायती पत्र पर अपर जिला अधिकारी ने एसडीएम सिराथू और सीओ सिराथू

# पुलिस भती परीक्षा में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं की जाएगी बर्दाश्त : एडीजी ज्योति नारायण

## दरोगा परीक्षा को लेकर एडीजी प्रयागराज ने कोखराज थाना क्षेत्र के कई पुलिस भती परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** पुलिस भती परीक्षा को लेकर प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण ने गुरुवार को कोखराज थाना क्षेत्र के कई परीक्षा केदो का निरीक्षण किया है और अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए हैं इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस भती परीक्षा में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पुलिस भती परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराया जाएगा उन्होंने कहा की परीक्षा में किसी ने गड़बड़ी करने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं होगी और कठोर कारर्वाई की जाएगी। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी में नेशनल इंटर कॉलेज, हुबलाल इंटर कालेज,व कस्तूरबा गांधी इंटर कालेज में आगामी 14 व 15 मार्च को दरोगा भती की परीक्षा को लेकर एडीजी ज्योति नारायण ने गुरुवार को निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एडीजी ज्योति नारायण ने परीक्षा केंद्र व कमरों में सीसीटीवी कैमरे व बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया नेशनल इंटर कालेज में 20 कमरों में परीक्षा केंद्र बने सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे चेक किया पुलिस भती परीक्षा को पारदशी बनाने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण में परीक्षा के स्ट्रांग रूम से लेकर सभी पहलुओं की बारीकी से सूक्ष्म जांच करके अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए हैं कि पुलिस भती परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी पुलिस अधीक्षक को हर पहलू में सख्ती के साथ निपटने का निर्देश दिया है सरकार के आदेश का पालन कर नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए तीनो सर्किल के सीओ व अन्य कमर्चारियों की ड्यूटी लगाई गयी हैं इस मौके पर जांच टीम में एलआईयू टीम भी मौजूद रही जो पल पल की जानकारी लेती रही।

# वृद्ध की हत्या में उसकी बहू गिरफ्तार

**थाना सैनी अन्तर्गत ग्राम रामपुर धमावां मे नाती और बहू ने मिलकर किया था वृद्ध की हत्या**

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावां गांव में दिनांक 07.03.2026 को वृद्ध बाबूलाल पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसके नाती नितिन कुमार और बहू रुक्मिणी देवी ने हत्या कर दी थी वृद्ध की जमीन बेचकर उसकी रकम वृद्ध की बहू और नाती चाहते थे लेकिन वृद्ध ने जमीन बेचने से इनकार कर दिया था जिसके चलते बहू और नाती ने मिलकर के वृद्ध की हत्या कर दी थी पुलिस ने उसके नाती नितिन कुमार को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया है और उसकी बहू रुक्मिणी देवी को भी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है बाबूलाल की हत्या के बाद उसकी पत्नी गुलजारा देवी की तहरीर पर सैनी कोतवाली पर मु0अ0सं0 79/26 धारा 103(1),61(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ था घटना से संबंधित मुख्य आरोपी मृतक का नाती नितिन कुमार को दिनांक 11.03.2026 को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका हैं दिनांक 12.03.2026 को थाना सैनी पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वाछित अभियुक्ता मृतक की बहू रुकमणि उर्फ रुकमिन देवा पत्नी दिनेश कुमार निवासी रामपुर धमावां थाना सैनी को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेजा गया न्यायालय ने जेल भेज दिया है मां-बेटे ने मिलकर वृद्ध बाबूलाल पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या की थी।

## दलित नाबालिक बालिका को भगा ले गया पड़ोसी युवक

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित नाबालिक बालिका उम्र लगभग 16 वर्ष को 10 मार्च को गांव का पड़ोसी युवक अमित भागकर ले गया है बालिका के परिजन ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है थाना पुलिस ने 11 मार्च को मामले में मुकदमा अपराध संख्या 0057 सन 2026 दर्ज कर लिया है और आरोपी युवक की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है बालिका के गायब होने के बाद परिवार के लोग परेशान हैं हालांकि इस मामले में आरोपी युवक लगातार अपने माता-पिता परिवार रिश्तेदार के संपर्क में है और आरोपी युवक के परिवार रिश्तेदार माता-पिता से थाना पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर तो जहां आरोपी युवक गिरफ्तार हो जाएगा वही नाबालिग बालिका भी बरामद हो जाएगी

## सम्पादकीय

### संसद के दूसरे चरण में सरकार की मुश्किल

**संसद** के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरू हुआ और पहले दिन ही मोदी सरकार विपक्ष के सवालों से बुरी तरह घिर गई। इस बात का अनुमान पहले से था कि सत्र के पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी सरकार को कठिन सवालों का सामना करना पड़ेगा और यह अंदाज भी था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर खुद सामने न आकर अपने मंत्रियों को आगे करेंगे। ऐसा ही हुआ भी। सोमवार को संसद के दोनों सदनों में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान में चल रहे युद्ध और इस वजह से मध्यपूर्व में आए अभूतपूर्व संकट पर बयान दिए। लेकिन इस बयान में एक चयनित रूझान दिखा।

सरकार ने केवल उन्हीं मुद्दों पर अपनी बात रखी, जिसमें उसे सुविधा हो, और असुविधाजनक बातों को बड़ी चतुराई से किनारे कर दिया गया। जैसे हजारों बरसों से जिस ईरान के साथ भारत के संबंध रहे हैं, उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर संवेदना का एक लफ्ज सरकार ने सदन में नहीं कहा, हालांकि खामेनेई की मौत के छह दिन बाद जाकर विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास में शोक संदेश लिखा। ईरान पर हमले की निंदा भारत सरकार ने नहीं की। हिंद महासागर में जिस ईरानी युद्धपोत पर हमला कर अमेरिका ने सौ से ज्यादा नौसैनिकों की जान ले ली, उस पर भी भारत सरकार ने ऐतराज नहीं जताया, जबकि ये नौसैनिक भारत के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास से लौट रहे थे।

## वैश्विक युद्धोन्माद के बीच विश्व शांति की पुकार

**-: ललित गर्ग:-**

**द्वितीय** विश्वयुद्ध के बाद विश्व ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें शक्ति को नियमों और संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सके। लगभग आठ दशकों तक यह वैश्विक व्यवस्था अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद किसी-न-किसी रूप में कायम रही। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, बहुपक्षीय समझौते, कूटनीतिक संवाद और साझा नियम-इन सबका उद्देश्य यही था कि दुनिया ह्यमत्स्य-न्यायह्व यानी शक्तिशाली द्वारा कमजोर को निगल जाने की प्रवृत्ति से बची रहे। इसी सोच के तहत युनाइटेट नेशनस्, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ ऑरगेनाइजेशन, यूनेस्को और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की स्थापना हुई। इन संस्थाओं ने विश्व राजनीति को पूरी तरह आदर्श नहीं बनाया, लेकिन उन्होंने कम-से-कम इतना अवश्य सुनिश्चित किया कि शक्ति के साथ नियम और नैतिकता का एक आवरण बना रहे। परंतु आज यह व्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही है।

विश्व राजनीति में एक नया रुझान तेजी से उभर रहा है जिसमें सहयोग, संवाद और बहुपक्षीयता की जगह एकपक्षीय कार्रवाई, सैन्य शक्ति और त्वरित लाभ की मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। जो देश कभी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था का प्रमुख निमार्ता और संरक्षक था, वही अब अनेक अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संस्थाओं से दूरी बनाता दिखाई देता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह संकेत मिल गया था जब अमेरिका ने पेरिस क्लाइमेंट अग्रीमेंटस्, इरान न्यूक्लियर डील्स्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से खुद को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की। इन कदमों का संदेश यह था कि यदि किसी समझौते से तात्कालिक राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हैं तो उसे छोड़ देना ही बेहतर है। इससे वैश्विक सहयोग की उस भावना को गहरा आघात पहुंचा, जो दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रही है।



आज स्थिति और भी जटिल हो गई है। दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष सामान्य घटनाओं की तरह स्वीकार किए जाने लगे हैं। चार वर्षों से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध और दो वर्षों से चल रहा गाजा युद्ध इसका सबसे दुखद एवं विडम्बनापूर्ण उदाहरण हैं। इन संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है, शहरों को खंडहर में बदल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह किसी स्थायी समाधान की ओर नहीं ले जाता। युद्ध में विजय का दावा करने वाले भी अंततः विनाश और पीड़ा के साथ ही जीते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी भी मानवता को गौरव नहीं दिया; उसने केवल तबाही, भय और अस्थिरता को जन्म दिया है। युद्ध के परिणामस्वरूप पर्यावरण का भारी नुकसान होता है, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं, महंगाई बढ़ती है, रोजगार के अवसर घटते हैं और समाज में असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना गहरी हो जाती है।

आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोड़ने लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं।

## ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा संकट से निपटने के लिए बांग्लादेश ने आपातकालीन कदम उठाए

**आशीष विश्वास**

**बांग्लादेश** में नई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सरकार के लिए, युद्ध इससे और बुरे समय पर नहीं आ सकता था। प्रधानमंत्री रहमान अपनी टीम के साथ अपने कार्यालय में मुश्किल से ही जम पाए हैं, और देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और कानून का राज बहाल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दोनों ही मामलों में, रहमान को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है

बांग्लादेश ने आने वाले दिनों में ईंधन की भारी कमी से बचने के लिए पेट्रोल राशनिंग का सहारा लिया है, क्योंकि अमेरिका और इजरायल के सेनाओं द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध का पहला हफ्ता पूरा हो गया है। नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने लोगों के लिए एक मिसाल कायम करते हुए अपने सरकारी घर में बिजली की खपत कम कर दी है।



अर्थशास्त्रियों ने कहा कि बांग्लादेश उन एशियाई देशों में खास तौर पर शामिल है जो अपनी ज्यादातर ऊर्जा आपूर्ति मध्यपूर्व से आयात करते हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा के बाद, इस इलाके के तेल वाले देशों से पड़ोसी दक्षिण एशिया और उससे आगे की ज्यादातर आपूर्ति मार्ग बाधित हो गई थीं। ईरान ने रूस, चीन और उन देशों के लिए नई शिपिंग आवाजाही में थोड़ी राहत की घोषणा की जो अमेरिका और इजरायल ने मिलकर शुरू किए गए 'बिना उकसावे' वाले युद्ध में शामिल नहीं थे, परन्तु तब तक लागू नहीं हुए थे। तेहरान के अधिकारियों ने संकेत दिया कि गैर-लड़ाकू देशों के जहाजों को पहले की तरह जलडमरूमध्य का इस्तेमाल करने की इजाजत होगी। हालांकि, आम तौर पर अन्तरराष्ट्रीय शिपिंग को नुकसान हुआ था। भारत ने बताया कि उसके कम से कम 35 जहाज अलग-अलग जगहों पर फंसे हुए थे। दूसरे देशों के लिए भी हालात कुछ बेहतर नहीं थे। ईरानी रुकावट के असर से, इस इलाके में काम करने वाली बड़ी शिपिंग कंपनियों ने अपना काम रोक दिया क्योंकि वे हालात, युद्ध की स्थिति का अध्ययन कर रही थीं और भविष्य में कार्गो और यात्री आवाजाही मूवमेंट सुनिश्चित करने के लिए नए रास्तों या चैनलों का इस्तेमाल करने की संभावना पर चर्चा कर रही थीं। जैसे ही पूरे समुद्री यातायात की समयसारिणी गड़बड़ा गयी, कई इंश्योरेंस कंपनियों ने भविष्य के कार्गो आवाजाही को अंतिम रूप देने से पहले अपने शुल्क या प्रिमियम बढ़ाने की कोशिश की। हिंद महासागर में श्रीलंका के अन्तरराष्ट्रीय जल के पास एक ईरानी जहाज के डूबने की खबर, जिसमें लगभग 100 नाविकों की मौत हो गई, यह दिखाती है कि मामला कितनी जल्दी किसी के कंट्रोल से बाहर हो गया था। आगे की बातें शायद ही कोई अच्छी बात थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान सरकार से पूरे इलाके में शांति बहाल करने के लिए तुरंत और बिना किसी शर्त के आत्मसमर्पण करने को कहा, और तेहरान ने तुरंत चेतावनी में इसका उत्तर दिया। मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि राष्ट्रपति ट्रंप खुद अमेरिका के अंदर गुस्से वाली प्रतिक्रिया का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, पश्चिम एशिया इलाके में कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के ड्रोन और मिसाइलों से हुए बड़े नुकसान की खबरें मिलीं। अमेरिका में मौजूद कुछ सैन्य विशेषज्ञों को ईरान की तुरंत हार की संभावना पर शक था। इसके उलट, उन्हें लगा कि इलाके में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार जवाबी हमला करके, ईरान ने अपने बचाव की चाल में अमेरिका को अपने संसाधन काफी कम करने पर मजबूर कर दिया है।

बांग्लादेश में नई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सरकार के लिए, युद्ध इससे और बुरे समय पर नहीं आ सकता था। प्रधानमंत्री रहमान अपनी टीम के साथ अपने कार्यालय में मुश्किल से ही जम पाए हैं, और देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और कानून का राज बहाल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दोनों ही मामलों में, रहमान को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनके पूर्व के मुख्य शासक डॉ. एम. यूनुस ने ऐसे लोगों को तैनात किया था जो अपने बाद आने वालों के लिए पूरी तरह से स्थिति गड़बड़ कर दी थी! वैसे भी, ईरान युद्ध से पहले ही, बांग्लादेश अपने इतिहास की सबसे बुरी महंगाई से बुरी तरह प्रभावित था। यूनुस के राज में शासन का नामोनिशान तक नहीं था, क्योंकि भीड़ की हिंसा का बोलबाला था, तथा बांग्लादेश में रोजाना होने वाले औसत हत्याओं की संख्या 35 से 45 के बीच रहती थी। उद्योगों को बड़े पैमाने पर बिजली कट का सामना करना पड़ा, जिससे देश का उत्पादन कम हो गया। खाद्य पदार्थ और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बहुत महंगे हो गये।

## नीतीश की विदाई या जदयू का सफाया

**राजेंद्र शर्मा**

**किसी** एकाधिकारी प्रकृति की, वास्तव में फासीवादी प्रकृति की राजनीतिक पार्टी से और उम्मीद भी क्या की जा सकती है, जहां गठबंधन का आधार ही किसी न किसी तरह सत्ता में हिस्सा हासिल करना होता है, न कि सहयोगी पार्टियों के साथ जनहित के किसी साझा कार्यक्रम को पूरा करना। इन तमाम वर्षों में हमारे देश में वामपंथी पार्टियों के नेतृत्व वाले गठबंधन ही बाद वाली प्रकृति के गठबंधन साबित हुए हैं नाटक के पहले अंक में, बिहार के मुख्य मंत्री पद पर बने रहते हुए, नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता के लिए चुनाव के लिए अपना पर्चा भरा। यह पर्चा भरे जाने के संबंध में दो बातें खासतौर पर गौर करने वाली थीं। पहली, यह पर्चा नीतीश कुमार की अपनी पार्टी, जदयू के मंझले दर्जे के नेताओं और कार्यकताओं के मुखर तथा काफी व्यापक विरोध के बावजूद भरा गया। इस विरोध की शुरूआत, राज्यसभा के रास्ते से नीतीश कुमार की बिहार से विदाई की खबरें आने के साथ ही हो गयी थी। वास्तव में इस मुखर विरोध को शांत करने के लिए और बिहार से अपनी विदाई के लिए, बिहार में गठजोड़ सरकार में अपनी सहयोगी, भाजपा को अपने समर्थकों का निशाना बनने से बचाने के लिए, नीतीश कुमार ने यह अजीबो-गरीब बयान भी दिया था कि उनकी ही इच्छा थी कि राज्यसभा के सदस्य के रूप में भी देश की सेवा करें। वैसे बिहार में



सरकार और पार्टी को उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा। जाहिर है कि उनके इस बयान का कम से कम जदयू कार्यकताओं की निराशा पर कोई असर नहीं पड़ा। हां! भाजपा को जरूर आलोचनाओं से अपने को बचाने के लिए कुछ सहारा मिल गया। नीतीश कुमार के राज्यसभा का पर्चा भरने के संबंध में दूसरी खास बात थी, इस मौके पर देश के गृहमंत्री और भाजपा में मोदी के बाद नंबर दो माने जाने वाले, अमित शाह का नीतीश कुमार की बगल में खड़े रहना। इस मौके पर अमित शाह की उपस्थिति एक प्रकार से इसकी याद दिलाने के लिए भी थी कि बिहार की सत्ता में आम तौर पर तथा जदयू में खासतौर पर यह संक्रमण, उनके ही चाणक्य नीति लक्ष्यों के पूरे होने का इशारा कर रहा था। जाहिर है कि खुद अपने हाथों से फैसलों को लागू कराने में विश्वास करने वाले और नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े विश्वासपात्र, अमित शाह इस मौके पर खुद उपस्थित रहकर यह तो खैर सुनिश्चित कर ही रहे थे कि भाजपा के मनमाफिक कार्ययोजना बिना किसी दिक्कत के अमल में लाई जाए और उसे जमीन पर उतारने में आखिरी वक्त पर कोई अड़चन नहीं आने पाए।

इसी नाटक के दूसरे अंक में, जाहिर है कि पूर्व-योजना के अनुसार, पटना में जदयू कार्यालय में बड़ी धूम-धाम के साथ नीतीश कुमार के पुत्र, निशांत कुमार की राजनीतिक पारी की शुरूआत का ऐलान किया गया। नीतीश कुमार के बाद, जदयू के वरिष्ठ्द नेताओं में गिने जाने वाले, पार्टी राष्ट्वीय कार्यकारी अध्यक्ष, संजय झा और केंद्रीय मंत्री, ललन सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। हालांकि, औपचारिक तौर पर यह मौका निशांत कुमार के पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का था, लेकिन इसमें न तो निशांत कुमार को कोई शक था और न उन्हें पार्टी का सदस्य बनाने वालों को कि, वास्तव में यह उनके पार्टी का नेतृत्व संभालने का मौका था। इस मौके पर अपने संबोधन में निशांत कुमार ने जिस तरह, नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करने का आश्वासन देने के बाद, पार्टी कार्यकताओं की राय के अनुसार, पार्टी को मजबूत करने का भरोसा दिलाया, वह पार्टी का नेतृत्व संभालने के मौके के अनुरूप था।

## शादाब हत्याकांड में सगे भाई सहित तीन को उम्र-कैद

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर। शादाब** हत्याकांड में चार दिन पहले दोषी ठहराए गये सगे भाई समेत तीन दोषियो की सजा पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने तीनो दोषियो को उम्र-कैद व कुल दो लाख बारह हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोतवाली नगर के भुवापुर के रहने वाले वादी मुकदमा शमशाद खां ने तीन मई साल 2018 की शाम करीब 7:50 बजे की घटना बताते हुए स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। वादी के आरोप के मुताबिक पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही आरोपी सगे भाई वदूद,वसीम ,सह आरोपी आफताब व एक बाल अपचारी हाथों में बंदूक व अन्य असलहे लेकर आए और आरोपीगण जान से मार डालने की धमकी देते हुए ललकारने लगे। इस दौरान आरोपी वदूद ने लाइसेंसी बंदूक से वादी के भतीजे मो.शादाब को गोली मार दिया।

## गैस सिलेंडर की कमी की खबरें भ्रामक, तय समय पर मिल रही है आपूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं। कई स्थानों पर यह अफवाह फैल गई है कि गैस सिलेंडर की कमी हो गई है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल रही है। इस अफवाह के चलते लोगों में भ्रम और चिंता की स्थिति देखी जा रही है। हालांकि स्थानीय गैस एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार ऐसी कोई समस्या नहीं है। गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है



और उपभोक्ताओं को निर्धारित नियमों के अनुसार ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। एजेंसी संचालकों ने स्पष्ट किया कि गैस की कोई कमी नहीं है, बल्कि बुकिंग की प्रक्रिया और समयसीमा को लेकर लोगों में गलतफहमी फैल गई है।

एजेंसियों के अनुसार घरेलू गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त होने की तिथि से 25 दिन बाद अगली बुकिंग करनी होती है।

## धनपतगंज-नौगवांतीर मार्ग निर्माण को मिली मंजूरी,1.08 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क



**सुल्तानपुर।सुल्तानपुर** विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के प्रयास से धनपतगंज से नौगवांतीर मार्ग के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है।लंबे समय से जर्जर और उपेक्षित इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रीय लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।बताया जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण करीब 108.082 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण विभाग की ओर से अयोध्या मंडल के अधीक्षण अभियंता को स्वीकृति पत्र भी जारी कर दिया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।स्थानीय लोग काफी समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे।विधायक विनोद सिंह ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर प्रयास किया था। अब सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और आसपास के गांवों के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान,साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील

**सुल्तानपुर।**

**मिशन** शक्ति अभियान के तहत बंधुआकला थाना पुलिस की टीम ने बाबा जी का सगरा पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने पंपलेट वितरित कर ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचने के तरीके बताए।उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सरोज ने लोगों को बताया कि साइबर ठग अक्सर खुद को पुलिस या अन्य अधिकारी बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाते हैं और ठगी का शिकार बनाते हैं।उन्होंने कहा कि पुलिस किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती,बल्कि पूछताछ के लिए सीधे थाने बुलाती



है। ऐसे में किसी भी अंजान नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को नहीं उठाना चाहिए।उन्होंने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर अपराध होता है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए,जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।चौपाल में मौजूद महिलाओं को वूमेन हेल्पलाइन,सीएम हेल्पलाइन समेत विभिन्न टोल फ्री नंबरों और महिला हितैषी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## ज्ञानपुर पीजी कॉलेज में वृहद रोजगार मेला, करीब 800 युवाओं का साक्षात्कार

**अखंड भारत संदेश**

भदोही। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में गुरुवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अनुरुद्ध त्रिपाठी और भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

रोजगार मेले में 40 से अधिक निजी कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए और करीब 800 अभ्यर्थियों



का साक्षात्कार लिया। चयन प्रक्रिया के तहत योग्य उम्मीदवारों को रोजगार देने की दिशा में आगे की प्रक्रिया शुरू की गई। मेले में लगभग एक हजार युवाओं ने पंजीकरण कर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

आयोजकों के अनुसार रोजगार मेले का दूसरा चरण शुक्रवार 13 मार्च को भी आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान करीब 500 अभ्यर्थियों का फिर से साक्षात्कार लिया जाएगा और चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर देने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## अपर पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती हेतु नकल मुक्त परीक्षा केंद्रों का किया गया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । शुभम** अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद भदोही में दिनांक 14-15 मार्च 2026 को उप निरीक्षक (उत्तर प्रदेश पुलिस) भर्ती हेतु निर्धारित परीक्षा केंद्रों (काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालिका इण्टर कॉलेज एवं विभूति नारायण इण्टर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री इन्द्र बहादुर सिंह नेशनल कालेज, एम0ए0 समद इण्टर कॉलेज भदोही, ज्ञानदेवी बालिका इण्टर कॉलेज भदोही का निरीक्षण किया गया। नकल मुक्त और शांतिपूर्ण




माहौल सुनिश्चित करना, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और केंद्राधीक्षकों को दिए गए निदेशों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों के बाहर होने वाली भीड़ प्रबंधन की भी समीक्षा किया गया।

## भदोही पुलिस ने बरामद किए 150 गुम मोबाइल, मालिकों को लौटाए; कीमत करीब 25.50 लाख

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जिले** में गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 150 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिया। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब 25 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जिले के सभी थानों में गुम मोबाइलों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीईआईआर (सेंट्रल



इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की मदद से मोबाइल फोन ट्रेस किए जा रहे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल, डायल 112 और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर मोबाइल का आईएमईआई नंबर सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कर उसकी लोकेशन और उपयोग की जानकारी का विश्लेषण किया गया।

इसके बाद लगातार निगरानी और कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन सख्त, शिकायत के लिए जारी हुआ टोल-फ्री नंबर

- डीएसी कोड से होगी डिलीवरी
- अतिरिक्त वसूली पर सख्त कार्रवाई

अखंड भारत संदेश



गैस एजेंसी संचालका की बैठक लेते डीएम

**चित्रकूट।** जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त गैस एजेंसी संचालकों, ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय विक्रय अधिकारियों और जिला पूर्ति विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी केवल डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) के माध्यम से ही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गैस बुकिंग के सभी विकल्प एजेंसियों के सूचना पट्ट पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही कालाबाजारी और सिलेंडरों के डायवर्जन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि कोई भी डिलीवरी मैन उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि नहीं लेगा। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय विक्रय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में मांग के अनुरूप गैस की नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति फिलहाल निर्बाध रूप से जारी है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अधिकृत गैस एजेंसी से बुकिंग कराकर ही सिलेंडर प्राप्त करें। यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति या अधिक वसूली से संबंधित शिकायत हो, तो वह टोल-फ्री नंबर 8737991456 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

## 28 मार्च तक मुफ्त राशन वितरण, कार्डधारकों को मिलेगा अनाज और अंत्योदय को चीनी भी

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मार्च 2026 के लिए आवंटित खाद्यान्न का वितरण 12 मार्च से 28 मार्च के बीच किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल यानी कुल 35 किलोग्राम मुफ्त मिलेगा, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलो गेहूं, 2 किलो फोर्टिफाइड चावल और 1 किलो ज्वार या बाजरा उपलब्ध कराया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को जनवरी से मार्च तिमाही के लिए 3 किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलो की दर से दी जाएगी। अंतिम दिन आधार प्रमाणीकरण न होने पर मोबाइल ओटीपी के माध्यम से भी वितरण संभव होगा। व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रशासन ने नोडल अधिकारी नामित कर सख्त चेकिंग के निर्देश दिए हैं।

## मानिकपुर में 24 करोड़ से बनेगा डिजिटल गुरुकुल स्मार्ट क्लास व विज्ञान लैब से बदलेगी तस्वीर

- 1400 बच्चों को मिलेगा सीखने का मंच
- प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक होगा स्कूल

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर क्षेत्र में अब शिक्षा की नई इबारत लिखने की तैयारी शुरू हो गई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि विकासखंड मानिकपुर की ग्राम पंचायत अगरहुण्डा (सरैया-बोड़ी पोखरी मार्ग) में लगभग 24.40 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय (प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक) का निर्माण प्रस्तावित है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पहली किस्त के रूप में 12.20 करोड़ रुपये कार्यदायी संस्था यूपीसीएल बांदा को जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए हैं कि विद्यालय का निर्माण समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। प्रस्तावित मॉडल विद्यालय लगभग 1400 छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। भवन में 28 कक्षाएं, पुस्तकालय, योगा रूम, भौतिक व रसायन विज्ञान प्रयोगशालाएं, जीव विज्ञान लैब, कंप्यूटर लैब, रोबोटिक्स लैब, नृत्य-संगीत कक्ष और आर्ट-क्राफ्ट रूम जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही इनडोर प्ले ग्राउंड, खेल मैदान, बाल वाटिका, 250 सीटों वाला मल्टीपरपज हॉल और मध्याह्न भोजन शेड भी बनाया जाएगा। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप यहां प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक अलग-अलग कक्षाओं का संचालन होगा और कक्षा 11-12 के लिए विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय की भी व्यवस्था रहेगी। हर कक्षा में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, आधुनिक प्रयोगशालाएं और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी शहरों जैसी आधुनिक शिक्षा का अवसर मिल सकेगा।

## मारकुंडी क्षेत्र को बड़ी राहत, इंटर कॉलेज स्थापना के लिए शासन को प्रस्ताव

**चित्रकूट।** जिले के दूरस्थ मारकुंडी क्षेत्र में शिक्षा की नई उम्मीद जगती नजर आ रही है। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संरक्षक रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने मानिकपुर तहसील के ग्राम पंचायत इटवाडुडैला में संचालित राजकीय हाईस्कूल को इंटर स्तर तक उच्चीकृत करने की पहल की है। बताया गया कि इस विद्यालय से लगभग 30 किलोमीटर के दायरे में कोई भी इंटर कॉलेज नहीं है, जिससे ग्रामीण छात्रों-विशेषकर बेटियों- को आगे की पढ़ाई के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्यालय परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने के कारण इसके उन्नयन की संभावनाएं भी मजबूत बताई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक को प्रस्ताव भेजते हुए मारकुंडी क्षेत्र में नए राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना का भी सुझाव शासन को प्रेषित किया है, जिससे क्षेत्र में शिक्षा की राह और आसान हो सके।

## 62 लाख की बिजली बकाया पर चला प्रशासन का डंडा, क्रेशर प्लांट और वाहन सीज




कार्रवाई करती प्रशासनिक टीम

**चित्रकूट।** तहसील कर्वी क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोंडा में गुरुवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गाटा संख्या 220 में संचालित राजेंद्र शर्मा के क्रेशर प्लांट पर शिकंजा कस दिया। विद्युत विभाग द्वारा जारी 62,36,346 रुपये के भारी भरकम वसूली प्रमाण पत्र के आधार पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर क्रेशर मशीन को सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान वहां खड़े डंपर/ट्रक संख्या यूपी 96 टी 4676 और एक मोटरसाइकिल को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और खनन कारोबार से जुड़े लोगों में हलचल देखी गई। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सरकारी बकाया की वसूली में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और आगे भी ऐसे बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सर्वाइकल कैंसर पर प्रहार- जिले में किशोरियों को लगेगा एचपीवी वैक्सीन का सुरक्षा कवच

**चित्रकूट।** सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर वैश्विक बीमारी से किशोरियों को सुरक्षित रखने के लिए जनपद में जल्द ही एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह सिंगल डोज वैक्सीनेशन अभियान अगले तीन महीनों तक जिले के सभी कोल्डचेन प्वाइंट वाले स्वास्थ्य केंद्रों पर चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी लेकिन 15 वर्ष से कम आयु की लगभग 14 हजार किशोरियों को गार्डसिल वैक्सीन दी जाएगी। टीकाकरण सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा और इसमें एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिलकर टीम के रूप में काम करेंगी। अभिभावकों की सहमति के बाद होने वाला यह टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित और स्वैच्छिक है, जिसका उद्देश्य बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से समय रहते सुरक्षा प्रदान करना है।

## बैंकों के सहयोग से युवाओं की नई शुरुआत स्वरोजगार से लिखी आत्मनिर्भरता की कहानी




लाभार्थी को चेक देते डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना (सीएम युवा योजना) जनपद में युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखती नजर आ रही है। जनवरी 2025 में शुरू हुई इस योजना का असर अब जमीन पर साफ दिखाई देने लगा है। जनपद में अब तक 1000 से अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़ते हुए स्वरोजगार की राह पर आगे बढ़ाया जा चुका है। जिलाधिकारी के अनुसार वर्तमान में 1035 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल चुका है और बैंकों के सहयोग से लक्ष्य जल्द पूरा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) के लक्ष्यों को भी समय से पहले हासिल कर लिया गया है।

# झंडा दिखाते ही निकला न्याय का कारवां, लोक अदालत के लिए शहर-गांव में जागरूकता अभियान

- मुकदमों से मुक्ति का संदेश लेकर कर्वी की सड़कों पर दौड़ा न्याय जागरूकता वाहन
- न्यायालय से जनमानस तकरू राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए

अखंड भारत संदेश




जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते न्यायाधीश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले में न्याय जागरूकता का अनूठा अभियान देखने को मिला। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेषमणि सहित मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी पद्माकरमणि त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव, स्थायी लोक अदालत के न्यायाधीश सन्तोष कुमार, प्रथम अपर जिला जज अनुराग कुरील तथा विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी राममणि पाठक ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अग्रणी बैंक चित्रकूट के सहयोग से निकली यह जागरूकता रैली कर्वी नगर की प्रमुख सड़कों से गुजरते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँची और 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में लोगों को जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी ने बताया कि लोक अदालत में धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक वसूली, पारिवारिक विवाद, श्रम वाद, राजस्व, किरायेदारी, मनी रिकवरी सहित कई मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। यहां सुलझे मामलों में कोर्ट फीस वापस मिलती है और समय-धन दोनों की बचत होती है। कार्यक्रम में अनेक न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक प्रतिनिधि, पैरालीगल वालेंटियर्स और न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।

## गांवों में गूंजेगी पढ़ाई की घंटी, जिले में तीन स्कूलों को मिली नई उड़ान

**चित्रकूट।** जिले में ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देने की तैयारी तेज हो गई है। जिलाधिकारी के अनुसार राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक उप्र की स्वीकृति के बाद जनपद के ग्राम सेमरिया जगन्नाथवासी (तहसील कर्वी) और ग्राम पंचायत कौबरा (तहसील मानिकपुर) में लगभग 139.45 लाख रुपये प्रति विद्यालय की लागत से दो नए राजकीय हाईस्कूल स्थापित किए जाएंगे। वहीं ग्राम पंचायत चांदी (तहसील राजापुर) स्थित राजकीय हाईस्कूल को 208.89 लाख रुपये की लागत से इंटर स्तर तक उच्चीकृत किया जाएगा, जहां वर्तमान में 168 छात्र और 10 कक्षाएं संचालित हैं। इसके साथ ही मानिकपुर तहसील के ग्राम पंचायत बडीमडैयन के राजकीय हाईस्कूल को भी 173.15 लाख रुपये की लागत से इंटर कॉलेज में तब्दील किया जाएगा, जहां 77 छात्र अध्ययनरत हैं। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा, जिससे ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के नए अवसर खुलेंगे।

## कृषि विज्ञान केंद्र से विकासखंड तक गूंजेगा पीएम किसान उत्सव दिवस का संदेश, 22वीं किस्त होगी जारी

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर 13 मार्च को जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी किए जाने का सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया जाएगा। उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम कृषि विभाग, सहकारिता विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त सहयोग से आयोजित होगा। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा में होगा, जबकि कर्वी कृषि भवन सभागार, पहाड़ी, मानिकपुर, मऊ और रामनगर विकासखंड सभागारों में भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके बाद उपस्थित किसानों के साथ समसामयिक कृषि तकनीकों पर चर्चा का सत्र आयोजित होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी किसान सम्मान समारोह होंगे, जिनमें ग्राम प्रधान, प्रगतिशील किसान, ड्रोन सखी, पशु सखी और बैंक सखी सहित विभिन्न गतिविधियों से जुड़े लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने और उन्हें नई कृषि तकनीकों से अवगत कराने का प्रयास किया जाएगा।

## मऊ में ताश की महफिल पर पुलिस का छापा, पांच जुआरी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जिले के मऊ कस्बे में ताश के पत्तों पर किस्मत आजमा रहे जुआरियों की महफिल उस समय बिखर गई जब पुलिस ने अचानक दबिश दे दी। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा और उनकी टीम ने छापा मारकर पांच जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते, 3280 रुपये मालफड़ और तलाशी के दौरान करीब 11 हजार रुपये बरामद किए। गिरफ्तारी के बाद जुआरियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने साफ संकेत दिया कि इलाके में अवैध गतिविधियों पर सख्त नजर रखी जा रही है।

## छत पर मिला 16 वर्षीय यूट्यूबर का अर्धनग्न शव, जहरीले पदार्थ की आशंका से मचा हड़कंप

**चित्रकूट।** जिले के सीतापुर क्षेत्र में एक 16 वर्षीय यूट्यूबर किशोर का शव घर की छत पर अर्धनग्न अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना कर्वी कोतवाली अंतर्गत सीतापुर चौकी क्षेत्र के राधा मोहन मंदिर मोहल्ले की है, जहां बुधवार सुबह करीब 10:15 बजे उत्कर्ष मिश्रा पुत्र रामानुज मिश्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में छत पर पड़ा मिला। परिजनों के अनुसार जब वे सुबह छत पर पहुंचे तो उत्कर्ष पेट के बल अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था और उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि उत्कर्ष करीब डेढ़ वर्ष से यूट्यूब पर वीडियो बनाकर अपलोड करता था और अक्सर बिना बताए घर से बाहर चला जाता था। मंगलवार को भी वह देर रात घर लौटा था। सुबह उसकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी ने उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया, हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिधौली में आरोही की शुरुआत, शिक्षा और आत्मविश्वास से सशक्त होंगी गांव की किशोरियां

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी ब्लॉक के सिधौली गांव में किशोरियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आरोही किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गांव की महिला रेनू द्विवेदी ने फीता काटकर किया। प्राथमिक विद्यालय सिधौली के प्रधानाध्यापक हरबंस लाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पानी संस्थान द्वारा संचालित इस कार्यक्रम के तहत 10 से 19 वर्ष की किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## मजदूरी मांगने गई किशोरी से मारपीट और छेड़छाड़, आरोपियों ने बंदूक दिखाकर दी धमकी

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के खजुरिहा खुर्द गांव में मजदूरी मांगने गई 15 वर्षीय किशोरी के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित रामप्रकाश कुशवाहा के अनुसार उन्होंने गांव के शशि भूषण के यहां मजदूरी की थी, जिसका भुगतान लंबे समय से नहीं किया गया था। 11 मार्च को सुबह करीब 11 बजे उनकी पुत्री कुसुम कली मजदूरी मांगने उनके घर पहुंची, जहां आरोप है कि शशि भूषण, उनके पुत्र सोन और सुनील शुक्ला ने किशोरी से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। शोर सुनकर पहुंचे पिता रामप्रकाश को भी पीटा गया, जिससे वे घायल हो गए और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने लाइसेंसी बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संप्रेषण गृह में डीएम का औचक दौरा, खेल-शिक्षा से लेकर सुरक्षा तक पर कड़ी नजर

### 15 दिन में स्टोर ठीक करने के आदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को किशोर न्याय बोर्ड और राजकीय संप्रेषण गृह का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के आवास, शिक्षा, खेलकूद और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परिसर किराए के भवन में संचालित होने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बच्चों के शारीरिक विकास के लिए बास्केटबॉल, स्केटिंग और बैडमिंटन के खेल हेतु मैदान में लाइनिंग कराई जाए। उन्होंने संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके गृह जनपद, पारिवारिक पृष्ठभूमि और दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि उन्हें मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन और नाश्ता मिल रहा है। जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अतीत की गलतियों को पीछे छोड़कर भविष्य निर्माण पर ध्यान दें, क्योंकि अभी उनके पास करियर बनाने का सुनहरा अवसर है। शिक्षण कार्य की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रतिदिन एक हिंदी और एक अंग्रेजी समाचार पत्र उपलब्ध कराया जाए। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सभी कैमरों को हमेशा क्रियाशील रखने और सुरक्षा के लिए उन पर जाली लगाने के निर्देश दिए। स्टोर रूम में अव्यवस्था पाए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए 15 दिन के भीतर सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में बच्चों ने उन्हें अपनी बनाई पेंटिंग और पेपर फ्लावर भेंट किए, जिसकी उन्होंने सराहना करते हुए बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा की।



संप्रेषण गृह का निरीक्षण करते डीएम

# नेपाल में राजनीतिक पीढ़ी परिवर्तन, 40 साल से कम उम्र के युवा सांसदों की संख्या हुई डबल

**नेपाल**

**नेपाल** की 165 सीटों के चुनावी नतीजे घोषित हो चुके हैं। इनमें बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने सर्वाधिक 125 सीटें जीती है। शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस को 17, पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली की सीपीएन-यूएमएल को 8 और पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की एनसीपी को 7 सीटें मिली हैं। इस बार 40 साल से कम उम्र के युवा सांसद 59 (करीब 38%) हैं। 2022 में ऐसे सांसद 30 (करीब 11%) थे। युवा सांसदों में 51 आरएसपी से हैं। इस बार 14 महिलाएं चुनाव जीतकर संसद पहुंची। 2022 में 9 महिलाएं थीं।

आरएसपी ने 125 सीट जीतीं

नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना पूरी होने के साथ ही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीत ली हैं जिससे वह बहुमत की सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष



मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि आनुपातिक मतदान (पीआर) प्रणाली के तहत मतगणना अभी जारी है और इसके मंगलवार रात तक समाप्त होने की उम्मीद है। पीआर प्रणाली के तहत अब तक आरएसपी को 49,74,957 वोट मिले हैं। इसके बाद नेपाली कांग्रेस को 16,85,722, सीपीएन-यूएमएल को 14,02,157, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 7,63,633, श्रम संस्कृति पार्टी को 3,50,809 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,23,744 वोट मिले हैं। वर्तमान रुझानों के आधार पर आरएसपी को आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत कम से कम 50 और सीट मिलने की संभावना है। ऐसा होने पर 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी कुल सीट की संख्या लगभग 175 तक पहुंच सकती है। ऐसी स्थिति में पार्टी नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 76 (1) के तहत बहुमत की सरकार बनाने में सक्षम होगी।

हालांकि चुनाव आयोग ने कहा कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत अंतिम परिणाम घोषित करने और विभिन्न दलों के उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से सीट आवंटित करने में अभी कुछ और दिन लगेंगे।

# वैश्विक तनाव के बीच शी जिनपिंग का बड़ा सैन्य दांव

**चीन**

**वैश्विक** अस्थिरता और सुरक्षा तनाव के अराजक माहौल के बीच, चीन ने 5 मार्च को एक घोषणा में अपने 2026 के रक्षा बजट में 7% की वृद्धि की घोषणा की। यह पिछले तीन वर्षों में चीन द्वारा बनाए रखी गई वार्षिक 7.2% वृद्धि की तुलना में आनुपातिक वृद्धि थोड़ी कम है। मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण, चीन के रक्षा बजट की घोषणा को वह धूमधाम और अंतरराष्ट्रीय ध्यान नहीं मिला जो आमतौर पर मिलता है। इसके अलावा, हाल के महीनों में वेनेजुएला और ईरान में शी जिनपिंग के राजनीतिक मित्र खोने से चीन की सुरक्षा संबंधी रणनीति प्रभावित हुई है, और चीन की रिफाइनरियों में तेल की निर्बाध आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। रक्षा बजट के संबंध में, आधिकारिक राज्य मीडिया अंग शिन्हुआ ने अधिकारियों के हवाले से कहा,



चीन का मानना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा मांगों को पूरा करने के लिए रक्षा बजट को समायोजित करना एक संप्रभु अधिकार है, और तेजी से बदलती दुनिया में अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा के लिए सैन्य व्यय में स्थिर और संयमित वृद्धि बनाए रख रहा है।

सैन्य खर्च में 7% की वृद्धि के साथ, आगामी वर्ष में बजट 1.91 ट्रिलियन आरएमबी (लगभग 277 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर) तक पहुंच जाएगा। सरकार ने दावा किया कि उसका रक्षा खर्च "सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी, प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय और प्रति सैन्यकर्मी रक्षा व्यय सहित प्रमुख सापेक्ष संकेतकों में अपेक्षाकृत कम बना हुआ है। यह बजट बीजिंग में 14वीं राष्ट्रीय जन कांग्रेस में पेश किया गया, जो दो सत्रों के नाम से जाने जाने वाले सम्मेलन की दो बैठकों में से एक है। दूसरी बैठक 2,000 से अधिक सदस्यों वाली चीनी जन राजनीतिक परामर्शदात्री सम्मेलन से संबंधित है।

# ईरान के ड्रोन की वजह से टूटी पाकिस्तानियों की टांगे, हिल जाएगा भारत !

**ईरान**

**ईरान** ने बहरीन पर हमले तेज कर दिए हैं। बहरीन में मिलिट्री बेससेस के साथ अब रिहाइशी बिल्डिंग्स को भी निशाना बनाया जा रहा है। बहरीन ने कभी नहीं सोचा था कि उसे ऐसा दिन देखना पड़ेगा। लेकिन ईरानी हमलों के बीच बहरीन में रहने वाले पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों ने जो हरकत की है, उसे देखकर बहरीन के होश उड़ गए हैं। बहरीन पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों पर इतना भड़क गया है कि उसने ऐसा फैसला ले लिया जिसकी तारीफ दुनिया भर में हो रही है। दरअसल ईरान के ड्रोनस जब बहरीन के परखच्चे उड़ा रहे थे तो पाकिस्तान और बांग्लादेश के कई लोग ईरान के समर्थन में जश्न मनाने लगे। ये पाकिस्तानी और बांग्लादेशी बहरीन पर ईरान के ड्रोनस हमलों के वीडियो बनाने लगे। उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करके हंसने लगे। लेकिन इसके बाद बहरीन ने जो किया वो अपने आप में एक मिसाल है।

दरअसल बहरीन के आंतरिक मंत्रालय ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की तारीफ करने के आरोप में पांच पाकिस्तानियों और एक बांग्लादेशी नागरिक को दबोच लिया है। बहरीन ने इन्हें गद्दार माना है। इन पाकिस्तानी और बांग्लादेशियों की टांगे तोड़ी जा रही हैं। बताइए यह पाकिस्तानी और बांग्लादेशी बहरीन की थाली में खा रहे थे और उसी में छेद भी कर रहे थे। लेकिन बहरीन ने इनका तगड़ा इलाज शुरू कर दिया है। बहरीन ने कहा है कि पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों ने ईरान की आक्रामकता के प्रति सहानुभूति



जताई है। ईरान के शत्रु पूर्ण कार्यों का महिमामंडन किया है जो सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा के लिए हानिकारक है। बहरीन ने बताया कि यह पाकिस्तानी और बांग्लादेशी लोग सोशल मीडिया पर झूठी खबरें फैला रहे थे। सड़कों पर ईरान के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। ऐसे में इनका इलाज जरूरी था। कतर ने भी ऐसे 300 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया है जो धमाकों की वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे थे। ऐसे कई लोग संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत में भी पकड़े गए हैं।

बहरीन के अधिकारियों ने पांच पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान इस प्रकार की हैः

अफजल खान

मोहम्मद मोआज अकबर

अहमद मुमताज

अर्सलान अली सज्जाद

अब्दुल रहमान अब्दुल सत्तार

इस मामले में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक की पहचान मोहम्मद इसराफेल मीर के रूप में हुई है।

# अमेरिका की ईरान को फाइनल वार्निंग



**अमेरिका**

**अमेरिका** ने मंगलवार को ईरान के खिलाफ नई चेतावनी जारी की। प्रेस को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मंगलवार को ईरान पर सबसे भीषण हमले करेगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, हेगसेथ ने कहा कि आज एक बार फिर ईरान के अंदर हमारे सबसे भीषण हमले होंगे। सबसे ज्यादा लड़ाकू विमान, सबसे ज्यादा बमवर्षक विमान, सबसे ज्यादा हमले। खुफिया जानकारी पहले से कहीं ज्यादा सटीक और बेहतर है। पत्रकारों से बात करते हुए रक्षा सचिव ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करने में अमेरिकी सशस्त्र बलों की सफलता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में ईरान ने सबसे कम मिसाइलें दागी हैं, क्योंकि अमेरिकी सेना देश को कमजोर करने में सफल रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शब्दों को दोहराते हुए हेगसेठ ने कहा कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में निर्णायक जीत के कगार पर है और ट्रम्प द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हेगसेथ ने अपनी प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा तकनीकी कौशल और सैन्य शक्ति के जबरदस्त प्रदर्शन से हम दुश्मन को कुचल रहे हैं। जब तक दुश्मन पूरी तरह से और निर्णायक रूप से पराजित नहीं हो जाता, हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी सेनाएं लक्ष्यों पर पूरी तरह से केंद्रित हैं। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना ने इस युद्ध में ईरान को हाशिये पर धकेल दिया है, जिसके परिणामस्वरूप ईरानी अधिकारी हताश हो गए हैं और निर्दोष लोगों की जान को निशाना बना रहे हैं।

# ईरान पर हमले की धमकी से पलटे डोनाल्ड ट्रंप



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे ईरान के साथ बातचीत करने को तैयार हो सकते हैं, लेकिन कोई भी बातचीत शर्तों पर निर्भर करेगी। यह उनके पहले के तेहरान के खिलाफ भीषण सैन्य जवाबी कार्रवाई की धमकियों से बिल्कुल अलग रुख है। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने सुना है कि ईरानी अधिकारी बातचीत करने के लिए बेताब हैं। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत शुरू करने से पहले वाशिंगटन को किन शर्तों की आवश्यकता होगी। इसके बावजूद ट्रंप ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई पर दबाव बनाए रखा और फॉक्स न्यूज से कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह शांति से रह सकते हैं।

उन्होंने ईरान के खिलाफ हालिया अमेरिकी सैन्य अभियानों के बारे में पहले की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए अपने बयान को दोहराते हुए कहा कि परिणाम अपेक्षा से कहीं बेहतर थे और उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान ने खाड़ी देशों की ओर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। ये टिप्पणियां ट्रंप के पहले के रुख से बिल्कुल उलट हैं, जब उन्होंने सोशल मीडिया पर चेतावनी दी थी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल के शिपमेंट को रोकने की कोशिश करता है तो संयुक्त राज्य अमेरिका पहले के हमलों की तुलना में बीस गुना अधिक कठोर जवाब देगा और ईरानी संपत्तियों को इस तरह से निशाना बनाने की धमकी दी थी जिससे देश के लिए पुनर्निर्माण करना लगभग असंभव हो जाएगा। वाशिंगटन के सैन्य अभियान की भारी कीमत चुकानी पड़ी है, क्योंकि पेंटागन ने ईरान पर हमले के पहले 48 घंटों में 5.6 अरब डॉलर मूल्य के गोला-बारूद खर्च कर दिए।

# पुतिन के समर्थन से बढ़ा महायुद्ध का खतरा

**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम एशिया** में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के साथ वार्ता अब ईरान के एजेंडे में नहीं है। इस बीच, खबरों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कई सलाहकारों ने हाल के दिनों में उन्हें ईरान के साथ युद्ध से अमेरिका को बाहर निकालने की रणनीति तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इससे पहले आज सुबह, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान में युद्ध "लगभग समाप्त" हो चुका है। उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए



कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति को बाधित करने का कोई भी प्रयास अब तक हुए हमलों से बीस गुना अधिक कठोर प्रतिक्रिया को जन्म देगा।

इसी बीच, ट्रंप ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से ईरान युद्ध के शीघ्र समाधान के संबंध में भी बात की। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया जब रूस ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता, अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को "अटूट समर्थन" देने का वादा किया। ईरान ने सोमवार को दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई के पुत्र मोजतबा खामेनेई को अपना नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया। इसी बीच, ह्यूमन राइट्स वॉच ने इजराइल पर दक्षिणी लेबनान के रिहायशी इलाकों में सफेद फास्फोरस का छिड़काव करने का आरोप लगाया।

इस संघर्ष ने वैश्विक बाजारों को भी हिला दिया। पिछले 24 घंटों में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया, जो भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव के कारण कई महीनों के उच्चतम स्तर से अचानक नीचे गिर गईं।

# गजब बेइज्जती है! ट्रंप को कुछ समझ ही नहीं रहा ईरान, अब कहा- तुमसे बड़े आए-गएं

**ईरान**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को चेतावनी देने के बाद कि यदि वह होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति को रोकने का प्रयास करता है तो उसे भीषण सैन्य जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, अमेरिका और ईरान के बीच तीखी बयानबाजी छिड़ गई। इस पर ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार ने तुरंत और चुनौती भरा जवाब दिया। लारिजानी ने लिखा कि ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए। अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि यदि ईरान जलडमरूमध्य से तेल प्रवाह रोकने के लिए कोई भी कदम उठाता है तो अमेरिका पिछली कार्रवाइयों की तुलना में "बीस गुना अधिक कठोर" प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि वाशिंगटन ईरानी संपत्तियों को इस तरह से निशाना बना सकता है जिससे देश के लिए पुनर्निर्माण करना "लगभग असंभव" हो जाएगा।

ईरान ने दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और बहरीन में सुबह मिसाइल हमले की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे जबकि सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन को



नष्ट कर दिया। कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बाद में सुबह के समय, यरूशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इस बीच, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने एक्स पर चुनौती भरे लहजे में लिखा, हम निश्चित रूप से संघर्षविराम की तलाश में नहीं हैं। हमारा मानना ??है कि हमलावर के मुंह पर मुक्का मारा जाना चाहिए ताकि उसे सबक मिले और वह फिर कभी हमारे प्यारे ईरान पर हमला करने के बारे में न सोचे। खाड़ी क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलों तथा ड्रोन से हमला करने के अलावा ईरान ऊर्जा अवसंरचना को भी निशाना बना रहा है और होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है जिससे तेल की कीमतें आसमान छूने लगी हैं।

ब्रेंट क्रूड की कीमत में उछाल

अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार ह्यब्रेंट क्रूडह्ल की कीमत बढ़कर लगभग 120 डॉलर तक पहुंच गई। हालांकि बाद में कीमत में थोड़ी नरमी आई और मंगलवार को भी यह लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल पर थी जो 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के समय की तुलना में लगभग 24 प्रतिशत अधिक है।

# ईरान के साथ युद्ध के तनाव के बीच एक्शन में भारत, बांग्लादेश को भेजा 5 हजार टन तेल

**बांग्लादेश**

**पश्चिमी** एशिया में चल रहे भीषण युद्ध के बीच, जिसने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, भारत ने असम के नुमालीगढ़ रिफाइनरी से सीमा पार पाइपलाइन के माध्यम से बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति शुरू कर दी है। बांग्लादेश पेट्रोलियम निगम (बीपीसी) के अध्यक्ष मोहम्मद रेजानुर रहमान ने बताया कि आपूर्ति के तहत मंगलवार को कम से कम 5,000 टन डीजल बांग्लादेश पहुंचेगा। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति में व्यवधान से बांग्लादेश गंभीर ईंधन संकट का सामना कर रहा है। मंगलवार को भेजी गई पहली खेप दोनों पड़ोसी देशों के बीच हुए एक बड़े वार्षिक आपूर्ति समझौते का हिस्सा थी।

बांग्लादेश रिफाइनरी काउंसिल (बीपीसी) के सूत्रों ने ढाका स्थित द फाइनेंशियल एक्सप्रेस को बताया कि डीजल की खेप असम के नुमालीगढ़ रिफाइनरी से बांग्लादेश-भारत मैत्री पाइपलाइन के माध्यम से उत्तरी बांग्लादेश के दिनाजपुर स्थित परबतीपुर डिपो तक पहुंचने की उम्मीद है। मार्च 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना द्वारा उद्घाटन की गई बांग्लादेश-भारत मैत्री पाइपलाइन, नुमालीगढ़ से उत्तरी बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले में स्थित परबतीपुर डिपो तक डीजल का परिवहन करती है। बांग्लादेशी अधिकारियों का कहना है कि इस आपूर्ति से बिजली उत्पादन और परिवहन पर तत्काल दबाव



कम हो सकता है।

अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से बांग्लादेश की ऊर्जा निर्भरता भारत पर बनी हुई है। इसके बाद बनी मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने प्रतिकूल शर्तों का आरोप लगाते हुए नई दिल्ली के साथ कई बिजली और ऊर्जा समझौतों की समीक्षा की और उन्हें आंशिक रूप से निलंबित कर दिया। अडानी के झारखंड बिजली संयंत्र से बिजली का आयात कम हो गया, कोयले की आपूर्ति बाधित हुई और कुछ सीमा पार गैस और एलएनजी परियोजनाएं धीमी पड़ गईं। इस तनावपूर्ण माहौल में, भारत की नवीनतम डीजल आपूर्ति को द्विपक्षीय ऊर्जा संबंधों के फिर से स्थिर होने के संकेत के रूप में देखा जा सकता है। भारत ने भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन के माध्यम से बांग्लादेश को 5,000 टन डीजल भेजकर शुरूआत की है। पाइपलाइन के उद्घाटन से पहले, ईंधन परिवहन रेलवे टैंकरों पर निर्भर था।

यह खेप एक व्यापक समझौते के तहत पहली किस्त है, जिसके तहत भारत ने प्रतिवर्ष 180,000 टन डीजल की आपूर्ति करने की प्रतिबद्धता जताई है। बीपीसी के अध्यक्ष मोहम्मद रेजानुर रहमान ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, "हमारा भारत के साथ एक समझौता है, और उस समझौते के अनुसार, भारत पाइपलाइन के माध्यम से बांग्लादेश को प्रति वर्ष 180,000 टन डीजल की आपूर्ति करेगा।

अभी आ रहा 5,000 टन डीजल उसी समझौते का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि बांग्लादेश को तत्काल कमी से निपटने में मदद करने के लिए अगले छह महीनों में कम से कम 90,000 टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। मोहम्मद रेजानुर रहमान ने कहा कि ये खेप ईंधन की उपलब्धता को स्थिर करने के उद्देश्य से बनाई गई एक सुनियोजित आयात योजना का हिस्सा हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा